वर्ष- 21 अंक - 265 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, गुरुवार 12 मार्च 2026

## जंग अपडेट

- ओमान के सलालाह पोर्ट पर ईरान के हमले से हाहाकार, धधक रहा है लाखों लीटर कच्चा तेल
- बहरीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास ईरान का हमला, तेल टैंकों में लगी आग
- कच्चे तेल के दाम 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचे।



## खामेनेई का बेटा भी हमले में घायल

**तेहरान.एजेंसी।** हमले में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई के बेटे और नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई भी उस हमले में घायल हुए जिसमें खामेनेई की मौत हुई थी। बताया जाता है कि मोजतबा खामेनेई एक अस्पताल में हैं। उनके पैर-हाथ और बांह में चोट लगी है।

## ईरान ने रखीं युद्ध खत्म करने की 3 शर्तें

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिका और इजरायल के साथ जारी युद्ध को खत्म करने के लिए तीन बड़ी शर्तें रखी हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के अधिकारों की मान्यता, युद्ध के लिए मुआवजा और भविष्य में हमलों के खिलाफ ठोस अंतरराष्ट्रीय गारंटी मिलने पर ही संघर्ष समाप्त हो सकता है। उधर ट्रंप ने दावा किया कि युद्ध हम जीत गए हैं और यह युद्ध अभी जारी रहेगा।

## तेल टैंकर पर हमला एक भारतीय की मौत

**गुरुवार.एजेंसी।** इराक के पास अमेरिकी मालिकाना हक वाले ऑयल टैंकर सेफसी विष्णु पर हमला हुआ है। इस हमले में एक भारतीय की मौत हो गई है।

# स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज पार कर सुरक्षित मुंबई पहुंचा भारत का तेल टैंकर

**मुंबई ● एजेंसी**

भारत की कूटनीति से लाइबेरियाई झंडे वाला तेल टैंकर शेनलोंग, सऊदी अरब से कच्चा तेल लेकर आ रहा था, सुरक्षित रूप से हॉर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर मुंबई बंदरगाह पहुंच गया है। 10 मार्च को विदेशमंत्री एस जयशंकर ने ईरान के अपने समकक्ष अब्बास अराघची से बात की थी, जिसके बाद ही ये संभव हो सका है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद भारत की ओर आने वाला यह पहला जहाज है जिसने मौत के मुहाने से निकलकर अपनी मंजिल तय की है। ईरान ने साफ कर दिया था कि अमेरिका और इजरायल के झंडे वाले तेल के जहाजों को स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से गुजरने नहीं देगा। लेकिन, लाइबेरियाई झंडे वाले तेल टैंकर का सऊदी से मुंबई पहुंचना भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत है।

## भारत सहित 16 देशों पर एक और टैरिफ अटैक की तैयारी

**गुरुवार.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दुनिया के तमाम देशों पर टैरिफ बम फोड़ने की तैयारी कर ली है और ईरान युद्ध के बीच उनके प्रशासन ने भारत-चीन समेत 16 अर्थव्यवस्थाओं के खिलाफ नई ट्रेड जांच शुरू करने का ऐलान किया है.ट्रंप की लिस्ट में भारत, चीन समेत कई अन्य अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं।

# शेयर बाजार में फिर हाहाकार

*रुपए के साथ सोना-चांदी भी गिरे*

**गुरुवार.एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 933.58 अंक या 1.21प्रश गिरकर 75,930.13 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 261.35 अंक या 1.10प्रश गिरकर 23,605.50 अंक पर आ गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 31 पैसे गिरकर 92.32 पर आ गया। चांदी की कीमत 2410 रुपये गिरकर 2.67 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 530 रुपये गिरकर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।



## किम जोंग ने बेटी के साथ दागी गोलियां

**गुरुवार.एजेंसी।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने एक गोला-बारूद कारखाना का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने अपनी बेटी जू ऐ के साथ हथियारों का परीक्षण किया और हैंडगन से दोनों ने दनादन गोलियां दागकर अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया।

## अमेरिका ने पाकिस्तान में बंद किया अपना दूतावास

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका खर्च कम करने के लिए पाकिस्तान के पेशावर में अपना वाणिज्य दूतावास बंद कर रहा है। यह मिशन अफगानिस्तान सीमा के पास अमेरिका का अहम रणनीतिक केंद्र था। इस फैसले से सालाना 75 लाख डॉलर की बचत होगी।

## व्हाइट हाउस के बाहर वैन घुसाने की कोशिश

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका में व्हाइट हाउस के बाहर एक व्यक्ति ने अचानक अपनी वैन को सुरक्षा बैरियर से टकरा दिया। इस घटना से वहां हड़कंप मच गया। सीक्रेट सर्विस ने तुरंत वैन चालक को गिरफ्तार कर लिया।

## बच्चा चोर समझकर बुजुर्ग महिला को पीट पीटकर मार डाला

**गुमला.एजेंसी।** झारखंड के गुमला जिले में बच्चा चोर की अफवाह के बाद भीड़ ने 55 वर्षीय मानसिक रूप से बीमार महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## छत पर चढ़े सांड ने सड़क पर लगाई छलांग

**बीकानेर.एजेंसी।** राजस्थान के बीकानेर में एक सांड के उत्पात के कारण अफरा-तफरी मच गई। यह सांड एक मकान की छत पर चढ़ गया और ऊपर ही इधर-उधर घूमता रहा। जब लोगों ने इसे उतारने का प्रयास किया तो उसने छत से ही सड़क पर छलांग लगा दी। सांड की इस छलांग से लोग घबरा गए और इधर-उधर भागते नजर आए।

## सफेद चादर से ढंके कश्मीर के कई इलाके

**श्रीनगर.एजेंसी।** कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। सोनमर्ग, जोजिला पास, बांदीपोरा और कुपवाड़ा के पहाड़ी क्षेत्र ताज़ा बर्फबारी के बाद सफेद चादर से ढक गए हैं।

# अमेरिका ने माना ईरान अभी भी भारी

**वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिका और इजरायल के लगातार हमलों के बावजूद ईरान की इस्लामी सरकार फिलहाल मजबूत बनी हुई है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारी बमबारी और शीर्ष नेताओं की मौत के बाद भी तेहरान की सत्ता गिरने के किसी तत्काल खतरे में नहीं है और सरकार अब भी देश पर नियंत्रण बनाए हुए है।**

## फारूक अब्दुल्ला के सिर पर तानी बंदूक



## 20 साल से मारना चाहता था आरोपी

**जम्मू.ऐजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला के ऊपर एक विवाह समारोह में फायरिंग करने वाले कमल सिंह जामवाल ने बताया कि वह पिछले 20 साल से फारूक अब्दुल्ला को मारना चाहता था। यह मेरा पर्सनल एजेंडा था। कल के हमले में फारूक अब्दुल्ला बाल-बाल बचे थे।

## पाकिस्तान ने ईरान के खिलाफ की वोटिंग

**गुरुवार.एजेंसी।** मिडिल ईस्ट तनाव के बीच यूएन सिक्योरिटी काउंसिल ने खाड़ी देशों पर ईरान के मिसाइल-ड्रोन हमलों की निंदा करते हुए प्रस्ताव पास किया। 13 देशों ने समर्थन किया, जबकि चीन और रूस वोटिंग से दूर रहे। पक्ष में वोट करने वाले देशों में पाकिस्तान भी एक सदस्य था।

# विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई.एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप मच गया। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और कर्मचारी गेट के पास जमा हो गए। पुलिस पूरे परिसर की जांच कर रही है और धमकी वाले ईमेल की भी जांच की जा रही है। फिलहाल विधान भवन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## पार्सल में धमाका

उधर अहमदाबाद के पालड़ी इलाके में फाल्कन बस एंड कार्गो ट्रैवल्स ऑफिस में रखे पार्सल बॉक्स में अचानक विस्फोट हो गया जिससे हर तरफ अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## प्रियंका चोपड़ा के पति की बहन का निधन

**गुरुवार.एजेंसी।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस की बचपन की दोस्त और मुंह बोली बहन माया का 30 की उम्र में निधन हो गया। माया एक दुर्लभ बीमारी से जूझ रही थीं, जिसके कारण उनकी मौत हुई।

# आग के धुएं से कई लोग बेहोश

**नोएडा.एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर-4 स्थित कैपिटल कंपनी की एक फैक्टरी में आज सुबह करीब 5 बजे अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही फैक्टरी के अंदर कई लोग फंस गए। बाहर निकलने की अफरातफरी में कई लोग घायल हो गए। किसी के हाथ-पैर टूट गए तो किसी को गंभीर चोटें आई हैं। आग के धुएं से कई लोग बेहोश हो गए जिनमें 4 लोगों की हालत गंभीर है।



# स्मार्ट सिटी योजना बंद तो 2% स्टाम्प ड्यूटी खत्म क्यों नहीं-कांग्रेस

## मुख्यमंत्री के नाम दिया जिला पंजीयक को ज्ञापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन के माध्यम से पत्र लिखकर मांग की है कि जब केन्द्र सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी योजना बंद कर दी गई है तो उस स्मार्ट सिटी के कारण लगी हुई 2 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी भी खत्म की जाए। वहीं महिलाओं को स्टाम्प ड्यूटी में छूट का दायरा बढ़ाया जाए। सैनिकों, दिव्यांग तथा सिनीयर सिटीजन को स्टाम्प ड्यूटी में छूट दी जाए, गंदी बस्तियों की सूची हर जिले में गाईडलाइन में पृथक् से जारी की जाए। द्विवेदी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने जब स्मार्ट सिटी योजना शुरू की थी तो प्रारंभिक दौर में पहले प्रदेश के 4 शहर लिए गए थे, फिर योजना में 7 शहर किए गए। उसी कारण धन जुटाने के लिए प्रदेश सरकार ने नगर निगम की स्टाम्प ड्यूटी 1 फीसदी से बढ़ाकर 3% की। यह स्टाम्प ड्यूटी ग्राम पंचायत की संपत्ति को छोड़कर सभी जगहों की रजिस्ट्री पर लागू की गई जो सन् 2016 से म.प्र. में लागू की गई। इस प्रकार म.प्र. में 12.5% के लगभग स्टाम्प ड्यूटी पंजीयन शुल्क नगरीय निकाय क्षेत्रों में लिया जाता है। यह कि केंद्र सरकार ने मार्च 2025 से स्मार्ट सिटी योजना बंद कर दी है। अतः अब यह शुल्क समाप्त किया जाए। वैसे भी इस शुल्क की वसूली पूरे प्रदेश में गलत की जाती रही केवल सात शहरों का भार प्रदेश के 17 नगर निगम, 99 नगर पालिका, 264 नगर पंचायत के लाखों नागरिकों पर पड़ रहा है। महिला को स्टाम्प ड्यूटी में छूट का दायरा बढ़ेगा तब महिला सम्पत्ति खरीददार की संख्या और बढ़ेगी। वहीं सैनिक, दिव्यांग, सीनियर सिटीजन स्टाम्प ड्यूटी में छूट दी जाए। गंदी बस्तियो की सूची प्रत्येक जिले में गाईडलाइन में पृथक् से जारी की जाए ताकि गंदी बस्ती निमुलन अधिनियम का फायदा सही तरीके से जायज व्यक्तियों को मिले। कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने 20% गाईड लाईन कम की थी, स्टाम्प ड्यूटी में छूट दी गई, उपबंध में सुधार एवं सरलीकरण किया गया फलस्वरूप कोरोना वायरस समय भी राजस्व लक्ष्य से अधिक आया। इस मामले में कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, पूर्व प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी, किरण जिरेती, इंदिरा पुरोहित, प्रदीप शुक्ला, विनित ठाकुर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन वरिष्ठ जिला पंजीयक मंजुलता पटेल को सौंपा।







# रोजा इफ्तार में मौजूद रहे विधायक वर्मा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राऊ विधानसभा के नायता मुडला के गार्डन में मुस्लिम समाजजनों ने रोजा इफ्तार का कार्यक्रम आयोजित किया। बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजनों के बीच क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा और भाजपा नेता रवि रावलिया शामिल हुए। दिलावर पटेल ने बताया कि थाना प्रभारी देवेन्द्रसिंह मरकाम, उस्मान पटेल, आबेदिन पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

# कब्रिस्तान की रोड बनवाएंगे दिग्विजय सिंह

## पहले लगाई थी भाजपाइयों से गुहार, नहीं ली चंदननगर क्षेत्र की सड़क निर्माण पर सुध

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विधानसभा 1 के वार्ड 1 में विधायक और पार्षद दोनों ही भाजपाई है। इस क्षेत्र के चंदननगर कब्रिस्तान में सीमेंट कांक्रीट की रोड बनाई जाना थी, जिसकी मांग लम्बे समय से मुस्लिम समाजजन कर रहे थे। जब समाजजनों को लगा कि इस सड़क को बनाने में भाजपाइयों की रुचि नहीं है तो उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के करीबी नासिर खान से चर्चा की और नासिर खान ने दिग्विजय सिंह से बात कर उनकी सांसद निधि से 5 लाख रु. की राशि चंदननगर कब्रिस्तान क्षेत्र रोड के लिए स्वीकृति की और इसका पत्र दिग्विजय सिंह ने कलेक्टर शिवम वर्मा को भेजा।

# सवा सौ से अधिक व्यापारी अपनी दुकान बचाने के लिए महापौर के पास पहुंचे

## पहले भी विधायक और पार्षद के पास लगा चुके हैं हुकुमचंद मिल की दीवार से लगी दुकानों के लिए गुहार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



हुकुमचंद मिल के बाहर दीवारों से लगी करीब सवा सौ दुकानों को हटाने की प्रक्रिया चल रही है। इसी के चलते व्यापारियों ने अपने संघ के बैनर तले इन दुकानों को या तो बचाने या इन दुकानों को शिफ्ट करने को लेकर जहां पूर्व में क्षेत्रीय विधायक रमेश मेंदोला और पार्षद जीतू जाटव से भी गुहार लगाई थी। अब यह व्यापारी अपनी रोजी-रोटी दुकानों को बचाने के लिए महापौर के पास पहुंचे तो महापौर ने कहा पहले सभी को जगह देंगे फिर दुकानें हटाएंगे। इसके लिए व्यापारियों को समय भी मिलेगा। इस मामले में हुकुमचंद मिल व्यापारी संघ के विकास जैन सतभैया, अमृत सिंह, दयाराम जैतपुरी, राजेश शर्मा ने बताया 1974 से दुकान लगी हुई थी। फिर इन दुकानों को राजकुमार ब्रिज और फिर भंडारी ब्रिज के कारण पीछे किया गया था। दो साल पहले भी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात की गई थी उन्होंने कहा था कि महापौर से बात हो गई है वैकल्पिक जगह पर चर्चा हो रही है। अभी विगत चार दिनों से निगम अधिकारी यह दुकानें हटाने के लिए प्रयासरत है। इसी मुद्द पर महापौर से कल मुलाकात की गई। इधर अधिकारी तीन दिन की मुहलत का अनाउंसमेंट कर चुके हैं, उधर महापौर कह रहे पहले वैकल्पिक जगह देंगे, फिर हटाएंगे। महापौर की बात से व्यापारी संतुष्ट नजर आए।

# घरेलू गैस सिलेंडर की कमी और मूल्यवृद्धि पर प्रदर्शन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव और पूर्व पार्षद रायमुनि भगत ने घरेलू और व्यवसायिक गैस सिलेंडर की किल्लत और कीमतों में हुई वृद्धि पर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने विरोध स्वरूप गैस सिलेंडर अपने सिर पर रखकर नारेबाजी भी की, हाथों में पोस्टर भी थे। शादी-ब्याह में भी लोगों को दिक्कतें आई। इधर कमर्शियल गैस टंकी के कारण कई व्यवसायिक क्षेत्र, उद्योग और होटल से लेकर दुकानों तक में दिक्कतें आ रही है। वहीं लोग गैस कम्पनी पर कतारबद्ध दिख रहे हैं। गैस सिलेंडर की आसानी से उपलब्धता और जो कीमतों में बढ़ोतरी हुई उसे वापस लेने की मांग भी की। देवेन्द्रसिंह यादव, रायमुनि भगत के अलावा कमलेश पाठक, संगीता पाल, अमृता अरोड़ा, प्राची भगत, अजय कजले, निहार यादव, पीयूष भिटे, राजदत्त शर्मा, गोपाल कृष्ण, अखिल यादव, रुद्र यादव, दिव्यांश कजले, विभाष शर्मा, यशपाल गेहलोत, रोहित भगत, अरूणकुमार जैन, अशोक चौधरी, गोविंद शर्मा, चंदन सोनकिया, एहतेशाम अली, मनोज भरडे, लवेश यादव, लक्ष्मण खत्री, रविकांत सैनी, कमल राणे, आनंद बाघ, सुरेन्द्रसिंह शेरा उपस्थित रहे।

# भागवत कथा की यात्रा में पहुंचे पूर्व विधायक





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री रामेश्वर सोमेश्वर महादेव मंदिर समिति रामनगर द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर मातृशक्तियों ने सिर पर कलश धारण किए। शोभायात्रा में पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय भी पहुंचे और उन्होने कथावाचक शांति स्वरुपानंद गिरि महाराज से आशीर्वाद भी लिया। कथा 18 मार्च तक रोजाना दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी। अजय कुशवाह, आकाश पटेल विजय दुबे, मलखान सिंह कुशवाह, गोपाल गोयल, पार्षद शिवम् यादव, मुन्ना साहू ,बंटी ठाकुर, आकाश पटेल, दिलीप मौर्य, सोमनाथ पटेल, दुर्गेश उपाध्याय, सियाराम कश्यप ,वंदना नामदेव, रीना परिहार, मौजूद थे।

# जिसने गैस एजेंसी पर पहुंचकर बनवाया बिल उसे मिली टंकी

## लम्बी कतारें लगी, मोबाइल पर नहीं हो रही टंकियां बुक इससे आ रही दिक्कत







गैस एजेंसी के बाहर भी खड़ी हुई थी टंकी से लोडेड गाड़ी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

बाणगंगा थाना क्षेत्र की दो गैस एजेंसियों के संचालक आज कहते रहे कि उनके पास टंकियां भी स्टॉक में हैं, लेकिन मोबाइल पर टंकियां बुक नहीं हो रही है और बुकिंग नहीं होने के कारण ही लोग खाली गैस टंकियां लेकर गैस एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं और वहीं पर अपने कागज देकर बुकिंग कराकर बिल बनवाने की कोशिश कर रहे हैं, जिनका बिल बन रहा है उन्हें हाथोंहाथ टंकी दी जा रही है। बाणगंगा क्षेत्र में पूर्व सांसद, विधायक की गैस एजेंसी के संचालक गोपाल वर्मा का कहना है कि किसी तरह की कोई शॉटेज टंकियों की नहीं है। एक गैस एजेंसी के बाहर कई गाड़ियां टंकियों से लोडेड खड़ी रही और इधर लोगों की भीड़ कतारबद्ध होकर गैस एजेंसी के बाहर नजर आई। गैस एजेंसियों के कर्ता-धर्ताओं का कहना रहा कि अगर मोबाइल पर टंकियां बुक होने लग जाए, तो हम लोगों के घर तक टंकिया खटाखट पहुंचा देंगे, पुराना सिस्टम बुकिंग का फिर से चालू किया जाए, इधर गैस एजेंसी से जानकारी मिली कि आज गैस एजेंसी के संचालक और मैनेजर कलेक्टर से मिलने पहुंचे। मुख्य मुद्दा यही है कि मोबाइल पर टंकियों की बुकिंग शुरू हो, जिससे टंकियां लोगों के घरों तक पहुंच जाए और अफरा-तफरी का माहौल ना बने, अभी बुकिंग नहीं हो रही है तो ज्यादा लोग गैस एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं और बगैर बुकिंग के एजेंसी टंकी नहीं दे रही है। एजेंसियों का कहना रहा कि जब तक डीएसी कोड नहीं मिलेगा तब तक बिल नहीं मिलेगा, तब तक टंकी रीलिज नहीं होगी।





शांति दीप एजेंसी बाणगंगा पर भी आज छायाकार संजय शर्मा पहुंचे तो उनको भी इस तरह की मिलती-जुलती जानकारी दी गई। कुल मिलाकर बुकिंग नहीं हो पा रही है इसलिए घरेलू गैस टंकियां नहीं मिल पा रही है। गैस एजेंसी पर पहुंचने पर दिक्कत से बुकिंग हो रही है और हाथों हाथ टंकी दी जा रही है।

### इलेक्ट्रीक सिगडी की बढ़ी बिक्री

शहर में एलपीजी संकट वैसे तो फिलहाल बहुत ज्यादा नहीं गहराया है, कुछ लोग पैनिक के चलते परेशान जरूर हो रहे है। वहीं चुनिंदा लोग वास्तव में परेशानी झेल रहे है। ऐसे में बाजारों में इंडक्शन स्टोव के अलावा इलेक्ट्रीक सिगडी की बिक्री भी बढ़ गई है। ऑनलाइन तो यह मिलना मुश्किल हो रही है। दूसरी ओर सामान्य सिगडी और चूल्हे की बिक्री हाट बाजारों में बढ़ी है।

### घरों में सप्लाय हो रही पाईप्ड गैस की भी आपूर्ति

अवंतिका गैस एजेंसी और प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घरों में लाइनों द्वारा जो पीएनजी गैस पहुंचाई जा रही है इस प्राकृतिक गैस की कोई कमी नहीं है और वह आपूर्ति पूरी तरह से हो रही है।

# एलपीजी संकट की आंच 56 पर नहीं

## इंडक्शन का उपयोग शुरू, जो व्यंजन तेज आंच में बनते है केवल उनके लिए ही गैस का उपयोग

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

इन्दौर को नमकीन की राजधानी कहा जाता है ऐसे में छप्पन दुकान और सराफा चौपाटी इसमें प्रमुख रोल अदा करती है। एलपीजी संकट के चलते देश के कई बडे शहरों में रेस्टोरेंट सहित कई खानपान के ठिये बंद हो रहे है। इधर छप्पन दुकान पर एलपीजी संकट की आंच नहीं आएगी। दुकानदारों ने इंडक्शन का उपयोग शुरू किया है।

कमर्शियल गैस सिलेंडर को लेकर फिलहाल समस्या शुरू हो गई है। युद्ध के कारण कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति में कमी देखी जा रही है। इसके चलते छप्पन दुकान के व्यापारियों ने पर्यावरण को अनुकूल बनाने की दिशा में कदम उठाया है। उन्होने इलेक्ट्रीक इंडक्शन का उपयोग शुरू कर दिया है। हालांकि जो व्यंजन तेज आंच में बनते है फिलहाल उनके लिए गैस का उपयोग हो रहा है या फिर भविष्य में कुछ व्यजनों को बनाना दुकानदार बंद भी कर देंगे। छप्पन दुकान व्यापारी एसोसिएशन के गुंजन शर्मा ने अपनी दुकान पर इंडक्शन की पहल की है। इसके बाद बाजार के अन्य दुकानदारों ने भी इंडक्शन के आर्डर दे दिए गए है। व्यापारियों का मानना है कि इंडक्शन सुरक्षित और किफायती भी साबित होगा।



## सोलर पैनल की भी बनाएंगे योजना

व्यापारी एसोसिएशन की योजना सिर्फ इंडक्शन तक ही सीमित नहीं है। भविष्य में पूरे 56 दुकान बाजार को बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए बाजार की छतों पर सोलर पैनल लगाने की एक महत्वाकांक्षी योजना पर काम शुरू किया जाएगा। इस योजना का दोहरा फायदा होगा। एक तरफ जहां बिजली के बिल में बचत होगी, वहीं दूसरी ओर इंडक्शन के संचालन के लिए निर्बाध और स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। यह कदम 56 दुकान को देश के पहले ग्रीन फूड हब में से एक बना सकता है।

# कलेक्टर बोले- घरेलू गैस, पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने कल कलेक्टर कार्यालय में गैस आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित की और कलेक्टर ने साफ शब्दों में कहा कि घरेलू गैस, पेट्रोल, डीजल की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं को इन आवश्यक वस्तुओं के लिए घबराने की आवश्यकता नहीं है। बैठक के दौरान बीपीसीएल, एचपीसीएल, आईओसी, अवन्तिका के सेल्स अधिकारी, गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि, एचपीसीएल गैस प्लांट मांगलिया के मैनेजर तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि हाल ही में लोगों में आशंका के कारण बुकिंग में अचानक वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों के आंकड़ों में सामान्य दिनों की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक बुकिंग दर्ज की गई है, जिससे यह स्पष्ट है कि लोगों में अनावश्यक भय का माहौल बना है। उन्होंने कहा कि 14 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बुकिंग के आधार पर सिलेंडर मिलते रहेंगे। ऑयल कंपनियों द्वारा केवल इतना बदलाव किया गया है कि सिलेंडर की अगली बुकिंग का अंतर 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। उपभोक्ताओ को सामान्यतः बुकिंग के तीन दिन के भीतर डिलेवरी घर पर ही ओटीपी के माध्यम से दी जा रही है।

# घरेलू गैस के 105 सिलेंडर जब्त



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जिला प्रशासन के जिला आपूर्ति विभाग ने कल घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग करने पर 35 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए 105 गैस सिलेंडर जब्त किए। यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।

राजनीतिक खबरें देखें पेज 5 पर भी

# निगम की जमीन मत बेचो, सरकार से इंदौर का पैसा मांगो

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा है कि इंदौर नगर निगम को अपनी जमीन बेचने की कोशिश नहीं करना चाहिए। निगम को तो चाहिए कि वह राज्य सरकार से अपना बाकी पैसा मांगे।**

चौकसे ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में नगर निगम के द्वारा चार स्थानों की नगर निगम की जमीन को बेचने का फैसला लिया जा रहा है। यह फैसला अत्यंत निराशाजनक है। हम शुरू से कह रहे हैं कि महापौर की नाकामी इंदौर नगर निगम और इंदौर शहर पर भारी पड़ रही है। इस समय इंदौर नगर निगम के राज्य सरकार पर 400 करोड रुपए से ज्यादा बाकी है। इसमें चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि के साथ ही प्रवेश कर के पैसे भी बाकी है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव को चाहिए कि वह इंदौर नगर निगम की जमीन बेचने के बजाय प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पास जाकर कहें की इंदौर को उसके अधिकार का पैसा दिया जाएं। चौकसे ने कहा कि यदि इंदौर को उसके अधिकार का पैसा मिल जाता है तो नगर निगम की स्थिति सुधर जाएगी। निगम को कोई जमीन बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**राज्य सरकार पर बाकी है निगम के 400 करोड रुपए-चौकसे**

उन्होंने कहा कि महापौर के नेतृत्व में इंदौर नगर निगम की हालत इतनी खराब हो गई है कि विकास कार्य के लिए जारी होने वाले टेंडर भी कोई ठेकेदार लेने को तैयार नहीं होते हैं। ठेकेदारों के द्वारा दो-तीन साल पहले जो काम किया गया उसका पैसा भी उनको अभी तक नहीं मिल पाया है। आने वाले समय में भी यह पैसा उन्हें कब मिलेगा यह कोई नहीं जानता है। ऐसा लगता है की महापौर भार्गव अपने कार्यकाल में निगम को पूरी तरह बर्बाद करके ही जाएंगे।






# घर के बाहर झाड़ी कर रहा चोर का साथी धराया

**एक ताला तोड़ रहा था तो किरायेदार युवतियां पहुंच गई तो वह भाग निकला**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के बृजनयनी कालोनी लिम्बोदी में मनमिन्दरसिंह बैस का मकान है और इस मकान में दो युवतियां भी किराये से रहती है। यह दोनों युवतियां कहीं गई थी। पूर्व में झाड़ी की गई और चोर उसके साथी पहुंच गए। एक चोर ताला तोड़ रहा था तो दूसरा बाहर झाड़ी कर रहा था तभी दोनों युवतियां पहुंच गई और जब युवतियां पहुंची और उन्होंने चिल्लाचोट की तो चोर भाग निकला। इधर झाड़ी कर रहा चोर अपने साथी का इंतजार कर रहा था तभी पड़ोसी कुन्दन उजेले और ममता उजेले पति-पत्नी ने उसे पकड़ लिया और इस झाड़ी कर रहे चोर के साथी की जमकर पिटाई कर दी और मौके का फायदा उठाकर दूसरा ताला तोड़ने वाला चोर भाग निकला। इधर रहवासियों ने पुलिस तेजाजी नगर को फोन घनघनाए, उसके बाद भी एक घंटे बाद पुलिस पहुंची। रहवासियों का कहना है कि 10 से 12 लोगों का ग्रुप है जो बृजनयनीय कालोनी, शिवधाम कालोनी, गणेशधाम कालोनी सहित इस क्षेत्र की कई कालोनियों में रैकी कर अंजाम दे चुके हैं। अब पकड़ाए गए चोर से उसके साथी द्वारा 10 से 12 लोगों के ग्रुप की जानकारी पुलिस को लेना चाहिए, जिससे बड़ा खुलासा होगा। पूर्व में इन क्षेत्र में चोर कई चोरी को अंजाम दे चुके हैं इससे भी रहवासियों में नाराजगी बनी हुई है।

## भाजपाई आज दोपहर देखेंगे केरला स्टोरी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 4 के वार्ड 83 से जुड़े भाजपाई और उनके साथ कई रहवासी आज दोपहर 3 बजे पार्षद जीतू राठौर के कार्यालय स्कीम नं. 71 पर एकत्रित होंगे और वहां से वे कल्याण सिनेमा डी-मार्ट राजेन्द्र नगर क्षेत्र में फिल्म देखने पहुंचेंगे।

# भगवा ऑटो संघ जबरन नहीं बनाता है सदस्य

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ के वीरेन्द्र त्रिपाठी, महेन्द्रसिंह सिसोदिया ने बताया कि कुछ लोग चालक संघ को बदनाम करने की कोशिश करते हैं और एक गलत फोटो भी किसी मीडिया में प्रकाशित करवाया, जिसमें ऑटो चालकों को जबरन सदस्य बनता दिखाया गया। त्रिपाठी ने कहा कि हम किसी को जबरन सदस्य नहीं बनाते हैं और ना गुंडागिर्दी और ना ही अवैध वसूली करते हैं। किसी भी ऑटो चालक को सदस्य बनाने के लिए बाध्य नहीं किया जाता है। यूनियन से जुड़ना या न जुड़ना पूर्णतः संबंधित चालक की स्वेच्छा पर निर्भर करता है, जो फोटो भी प्रकाशित किया गया है वह फिनिक्स मॉल का नहीं है वह दूर जंगल क्षेत्र का है, जिसे भ्रमित कर बनाया गया है।

# मोदीजी की नसिया की दुकानों पर ताले लगे तो महापौर क्यों नहीं बोले

**पहले खालसा कॉलेज की दुकानों में लगे थे ताले तब कुछ ही घंटों में ले लिया था भार्गव ने संज्ञान**



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दो दिन पहले जैन समाज के प्राचीन धर्मस्थल मोदीजी की नसिया बड़ा गणपति के सम्पत्ति कर को लेकर मामला गर्माया था। खाली जमीन पर भी बकाया टैक्स निकाला गया था और इसी बकाया आधार पर नसिया परिसर में बाहर की दुकानों पर भी सील लगाकर निगम ने सम्पत्ति कर की मांग की थी। इसके बाद कई जैन समाजजनों ने इस पर आपत्ति ली थी और संजय टोंग्या ने कहा कि महापौर ने खालसा कॉलेज पर बकाया कर की राशि को लेकर जो दुकानें सील हुई थी उसमें कुछ ही घंटों में संज्ञान लेकर दुकानें खुलवा दी थी और महापौर ने इधर मोदीजी की नसिया के दुकानदारों के लिए तत्काल पैरवी नहीं की। टोंग्या ने यहां तक कहा कि पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता इस नसिया के अन्दर कई कार्यक्रम विधायक रहते कर चुके हैं और जब दुकानों पर ताला लगा तो वे भी नहीं बोले और जैन समाज से भी कई नेता जुड़े है जो भाजपा से जुड़े हैं उन्होंने भी चुप्पी साध ली थी। जैन समाजजनों ने खासतौर से खाली जमीन पर सम्पत्ति कर लगाने का विरोध किया है। इधर दुकानदारों का कहना है कि मोदीजी की नसिया पर धर्मशाला भी चल रही है और मंदिर भी संचालित हो रहा है, जबकि दुकानदारों पर कोई कर भरने की जिम्मेदारी नहीं है, ऐसे में दुकानदारों को सील करना ठीक नहीं है। सील करना था तो धर्मशाला और मंदिर को कर देते।

# सुबह-सुबह सैलून में भड़की भीषण आग

**इन्दौर।** स्कीम नंबर 140 में आज सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब क्षेत्र के एक सैलून में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और सैलून के अंदर से धुएं के काले गुबार निकलने लगे। गनीमत रही कि घटना के वक्त सैलून में कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि टल गई। आज सुबह स्कीम 140 क्षेत्र के लोगों ने एक सैलून से धुआं और आग की लपटें निकलती देखीं। आग इतनी तेजी से फैली कि सैलून के अंदर रखा फर्नीचर और कीमती सामान जलकर खाक होने लगा। स्थानीय निवासियों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दमकलें मौके पर पहुँचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया।

# जैन समाज के दोनों प्रत्याशी कर रहे हैं प्रचार

**दोनों ओर से किया जा रहा है जीत का दावा, मंदिर पहुंचकर कई घोषणाएं भी हो रही है**



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद में पहले दो अध्यक्षों ने विनय बाकलीवाल को अध्यक्ष बना दिया। इधर कासलीवाल खेमा ने सामाजिक संसद की वोटर लिस्ट मंदिरों की जारी करवाकर चुनावी बिगुल विधिवत बजवा दिया। कासलीवाल खेमे से दिलीप पाटनी ने अध्यक्ष का नामांकन दाखिल किया और इधर नवीन गोधा ने आनन्द गोधा को अपना अध्यक्षीय उम्मीदवार बना दिया। कासलीवाल खेमे को निर्विरोध चुनाव की उम्मीद थी। अब दोनों खेमा मंदिर-मंदिर पहुंचकर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, कई जगह मंदिर पहुंचकर वादे भी किए जा रहे हैं, जिसमें कुछ आर्थिक भी है। अभी दोनों पक्ष आश्वासन दे रहे है और दोनों ही पक्ष लोगों को भरोसा दे रहे हैं। दिगम्बर जैन समाजजन यह कह रहे हैं कि कहीं कोई विवाद की स्थिति ना बने इसके संकल्प भी दिलाए गए हैं। कुल मिलाकर दिगम्बर जैन समाज के दो धड़े दो उम्मीदवार के लिए काम कर रहे हैं। इस बार भी उम्मीद है कि दो ही सामाजिक संसद बनी रहे क्योंकि एक के चुनाव हो रहे हैं और दूसरी तरफ दूसरे खेमे ने अध्यक्ष बनने के बाद पदाधिकारी भी बना दिए, युवा इकाई तक बना दी और उनका शपथ विधि भी करा लिया है।

# निगम के योग शेड अब सुबह-शाम ही खुलेंगे

**इस शेड में राजनीतिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं होगा**

## निगम ने हर वार्ड के योग शेड के लिए बनाई नीति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम के द्वारा हर वार्ड में बनाए गए योग के लिए नीति का निर्धारण किया जा रहा है। इस नीति में यह प्रावधान किया जा रहा है कि यह योग शेड अब केवल सुबह और शाम को ही खुलेगा। इसका किसी भी राजनीतिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए उपयोग नहीं होगा।

नगर निगम की महापौर परिषद की आज होने जा रही बैठक के लिए 15 प्रस्ताव का अतिरिक्त एजेंडा जारी किया गया है। इस एजेंडा में नगर निगम द्वारा निर्मित किए गए योग शैडो के सुचारू संचालन एवं संधारण के लिए शर्तें निर्धारित करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। यह प्रस्ताव निगम के उद्यान विभाग के द्वारा तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि यह योग शेड हर दिन सुबह 6:00 बजे से लेकर 9:00 बजे तक खुले रहेंगे। इसके बाद शाम को भी इसी समय पर खुले रहेंगे। इसके अलावा शेष समय में योग शेड पर ताला लगा हुआ रहेगा। इसमें कोई भी राजनीतिक, सांस्कृतिक अथवा अन्य गतिविधि का कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सकेगा। निगम के द्वारा तैयार कराए गए योग शेड में दरवाजे पर ताला लगाया जाता है। अब यह व्यवस्था की गई है कि हर जोनल अधिकारी उसके जोनल कार्यालय के क्षेत्र में निर्मित किए गए योग शेड का प्रभारी होगा। उसके द्वारा ही यह निश्चित किया जाएगा की योग शेड की चाबी किसके पास रहेगी। इसके साथ ही इस शेड का कहीं कोई दुरुपयोग नहीं हो यह सुनिश्चित करना भी उसी की जिम्मेदारी होगी।



## पांचवीं आठवी बोर्ड में मूल्यांकन जारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पांचवी आठवी बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन अलग अलग केन्द्रों पर किया जा रहा है। 3 लाख उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 15 मार्च तक म.प्र. शासन के निर्देशानुसार किया जाना है। बी.आर .सी एक मे करीब दोनो कक्षाओं की 1लाख 52 हजार मे से 37हजार से अधिक कांपियों का मूल्यांकन हो चुका है। बीआरसी दो मे 1 लाख 8 हजार कांपियों मे से चालीस हजार कॉपियों का मूल्यांकन हो गया है। दोनों केन्द्रों पर चार सौ से अधिक शिक्षक शिक्षिकाएं कांपियों का मूल्यांकन कर रहे है। बी.आर. सी.राजेंद्र तंवर व बी ए.सी.शीतल टांक ने बताया की हमारा लक्ष्य निर्धारित तारीख तक मूल्यांकन करवाकर रिजल्ट घोषित करवाना है।शिक्षक शिक्षिकाएं अपना अतिरिक्त समय देकर मूल्यांकन करने मे जुटे है।



# पुलिस का ध्यान हटा और राजवाड़ा पर फिर होने लगा अतिक्रमण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जनवरी के अंत और फरवरी में यातायात पुलिस की सक्रियता शहर के हृदय स्थल राजवाड़ा पर रोजाना दिखाई दी थी। यातायात सुगम बनाने के लिए दुकानों के बाहर डिस्प्ले के लिए रखे गए पुतले तक नहीं लगाने दिए गए थे। अब जब पुलिस स्थिति को ठीक करने के बाद थक गई और राजवाड़ा से हट गई तो अतिक्रमणकारियों ने फिर से दुकानों के बाहर कपड़ो का प्रदर्शन और पुतले लगाना भी शुरू कर दिए हैं और इधर फुटपाथ पर भी दुकाने लगना शुरू हो गई है। कल ही अतिक्रमण को लेकर मुद्दे उठे तो कल शाम से फिर पुलिस सक्रिय हो गई और जो लोग दोबारा दुकानों के बाहर अतिक्रमण करने की नीयत से बाहर तक आए थे उन्हें भी हद में रहने के लिए कहा गया। जब पुलिस कल शाम यहां पहुंची तो व्यापारियों ने भी कहा कि पुलिस का असर धीरे-धीरे फीका पड़ने लगा है तो कुछ ने कहा कि यह सब तिकड़म और सेटिंग का नतीजा है। वहीं व्यापारी बोले कि ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानों का डिस्प्ले लगाना भी हमारी मजबूरी है। कल शाम को फिर पुलिस के निरीक्षण और हिदायत का असर अब आज कितना होता है यह देखना होगा और अतिक्रण के खिलाफ पुलिस भी मुखर हो सकती है। राजवाड़ा से लेकर कृष्णपुरा, फ्रूट मार्केट तक कल दोपहर तक तो अतिक्रमण दिखे।

# नगर निगम की जमीन बेचने के प्रस्ताव पर छिड़ गई बहस

**एमआईसी मेंबर बोले स्वच्छता में नंबर वन निगम जमीन बेचकर खर्च पूरा करे यह ठीक नहीं**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम द्वारा अपने स्वामित्व की जमीन बेचने के प्रस्ताव का खुलासा होने के बाद से ही लगातार शहर के जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध लोगों में यह चर्चा का विषय बन गया है। लोगों का कहना है कि स्वच्छता में देश का नंबर वन शहर जो अब देश भर के शहरों का स्वच्छता गुरु भी बन गया है, क्या वह इतना कंगाल हो गया है कि उसे अपने खर्चे अपनी जमीन बेचकर पूरे करने होंगे। लोगों का कहना है कि नगर निगम को जमीन बेचने की बजाय आय के कोई और साधन खोजना चाहिए जो की स्थाई हो और नगर निगम की आय बढ़ाई जा सके। जमीन बेचकर मिला पैसा कुछ दिन में खत्म हो जाएगा।

**एमआईसी सदस्यों में जमीन पर एक राय नहीं**

इस मुद्दे पर नगर निगम की एमआईसी सदस्यों और पार्षदों की राय भी एक नहीं है वहीं विपक्ष इस मामले को लेकर एक बार फिर नगर निगम पर हमलावर होने की तैयारी कर रहा है वही इस मुद्दे को लेकर भाजपा में भी आंतरिक चर्चा जोरों पर है। विधायक महेंद्र हार्डिया भी इस प्रस्ताव को लेकर सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर निगम को टैक्स वसूली पर ध्यान देना चाहिए लोग कचरा शुल्क नहीं दे रहे हैं जिसके कारण नगर निगम की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है, संपत्ति कर के लिए भी नए खाते नहीं खोले जा रहे हैं। एमआईसी सदस्य राजेश उदावत ने कहा कि नगर निगम के पास आय बढ़ाने के सीमित साधन हैं। टैक्स वृद्धि नहीं हो रही है और राज्य शासन से आर्थिक सहायता भी बंद हो गई है। ऐसे में निगम की वित्तीय स्थिति संभालना चुनौती बन गया है। ऐसी स्थिति में नगर निगम को चलाने के लिए ऐसे कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे। अगर नगर निगम यहां कोई मार्केट या फिर अन्य कोई गतिविधि शुरू करता है तो उसके लिए भी फंड चाहिए।

वही एमआईसी सदस्य अश्विन शुक्ल का कहना है कि इंदौर नगर निगम देश का सबसे स्वच्छ शहर है इसके अलावा बीते वर्ष ही नगर निगम को स्वच्छता गुरु का दर्जा भी मिला है ऐसी स्थिति में नगर निगम की प्रतिष्ठा को देखते हुए जमीन बेचकर आर्थिक स्थिति ठीक करना तर्कसंगत नहीं है इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। नगर निगम को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए केवल टैक्सेशन ही ऐसा विषय है जिस पर क़ाम करने की आवश्यकता है।।

### इन जमीनों को बेचने का प्रस्ताव

- ग्राम पिपलियाहाना खसरा नंबर 84-85 व अन्य, क्षेत्रफल 419.65 वर्गमीटर
- खजराना खसरा नंबर 324/2, क्षेत्रफल 2117 वर्गमीटर
- ग्राम सिरपुर खसरा नंबर 526/1/2, क्षेत्रफल 3512 वर्गमीटर
- ग्राम कस्बा इंदौर (तहसील जूनी इंदौर) खसरा नंबर 873, क्षेत्रफल 419.65 वर्गमीटर

नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने भी इस प्रस्ताव पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार होने के बावजूद निगम को जमीन बेचने की नौबत आना चिंताजनक है। भाजपा के लोगों को इंदौर शहर के मान सम्मान का ध्यान रखना चाहिए यह स्वच्छता के नंबर वन अवार्ड की छवि को धूमिल करने वाला प्रस्ताव है।

सभी पहलुओं पर चर्चा के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इससे पहले इस विषय पर टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।
**-पुष्यमित्र भार्गव**, महापौर, इंदौर

# मुफ्त की रेवड़ियों पर प्रबुद्ध वर्ग क़ी चिंता, समझाइश हेतु जागरूकता अभियान प्रारंभ करेंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कैट एवं वैश्य समाज द्वारा उक्त विषय पर शहर के व्यापारियों, उद्योगपतियों और प्रबुद्ध लोगों की परिचर्चा का आयोजन किया गया। रमेशचंद्र गर्ग, जयंतीलाल भंडारी, रमेश गुप्ता, धीरज खंडेलवाल एवं अन्य ने परिचर्चा का शुभारम्भ किया। वरिष्ठों ने उदबोधन भी दिए। प्रबुद्धजनों ने कहा कि मुफ्त की रेवडी बांटी जा रही है, इस योजना से राज्यों के वित्तीय प्रबंधन पर बहुत भार आ रहा है। लोगो को आत्म निर्भर के बजाय निर्भर बनाया जा रहा है। आज उद्योग के लिए 1000 रुपए रोज में मजदूर मिलते है जिससे उत्पादन लागत बढ़ती जा रही है। हम कंपटीशन में खड़े नहीं हो पा रहे है। आज एमपी गवर्नमेंट की देनदारी 4.5लाख करोड़ हो गई है जो चिंताजनक है। इसी प्रकार विकास डागा ने ऑन लाइन तथा मुफ्त में राशन देने को अनुपयुक्त बताया जो सिर्फ राजनीति के लिए है। अर्थशास्त्री डॉ जयंतीलाल भंडारी ने आंकड़े रखते हुए बताया कि इन योजनाओं से राज्यों के बजट के मुकाबले देनदारियां बढ़ती जा रही है और आगे पीछे हमे ढांचागत शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए बजट ना के बराबर बचेगा। मुख्य अतिथि जस्टिस रमेश गर्ग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की सलाह सरकार के साथ साथ राजनैतिक दलों को माननी चाहिए जिससे व्यक्ति आत्म निर्भर बने। इस हेतु आप सभी को जागरूकता भी लाना चाहिए ताकि राजनैतिक क्षेत्रों के लोग आपकी परेशानी समझ सके। हमें अब जागरूक होकर उत्पादन किफायती हो ऐसे सुझाव सरकार को भी देना चाहिए। रमेशचंद्र गर्ग ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा सवेरे से शाम तक की व्यवस्था यदि मुफ्त में होगी तो कार्य करने की संस्कृति खत्म हो जाएगी।





## रोजा इफ्तार कार्यक्रम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 9 वर्ष की इकरा खान ने रोजा रखा और इस मुबारक मौके पर रोजा इफ्तार कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। परिवार और निकट के लोग मौजूद रहे। सैयद साजिद अली और वसीम खान ने उक्त जानकारी दी।

## वरिष्ठ केश शिल्पियों का सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** बारबर एसोसिएशन के तत्वावधान में 'वरिष्ठ केश शिल्पी सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। नीलेश सेन शैलू, सुभाष वर्मा, अशोक चौहान, प्रदीप श्रीवास, घनश्याम मांगरोलिया, सुभाष परमार, मनोज टांक, दीपक सेन की मौजूदगी में भंवरलाल मिरदवाल, रतनलाल मिरदवाल, ओमप्रकाश सेनाचार, मदनलाल, मखन अमेरिया, नेमीचंद अमेरिया, शंकरलाल जसावरिया का सम्मान किया।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ब्रह्माकुमारी संस्थान में अलग-अलग क्षेत्रों की विशिष्ट मातृशक्तियों के सम्मान का आयोजन किया गया।



## अग्रसेन ग्रुप का शपथ विधि

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अग्रसेन सोशल ग्रुप के पदाधिकारी और संचालक मंडल की शपथ विधि 200 से अधिक अग्रवाल समाजजनों की मौजूदगी में हुई। पत्रकार राजेश चेलावत, संस्था के शिव जिंदल, राजेश गर्ग, विनोद गोयल, कमलेश मित्तल, राजू बंसल,



संजय मंगल, विजय गर्ग, प्राची गर्ग, मुकेश अग्रवाल, जगदीश बंसल सहित अन्य मौजूद थे। शिव जिंदल, राजेश गर्ग, राजू बंसल ने बताया कि संस्था द्वारा एक दिवसीय युवा परिचय सम्मेलन तीर्थ स्थान ओंकारेश्वर 15 मार्च रविवार को किया जाएगा। इसमें 500 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई है।

## अग्र मंच का कल गणगौर महोत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था अग्र मंच के दीपिका आशीष गोयल ने बताया कि संस्था द्वारा कल अग्रवाल नगर पानी की टंकी के समीप गणगौर महोत्सव का आयोजन शाम 5 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिताएं और तम्बोला का आयोजन होगा। मेला महेश मित्तल की देखरेख में लगाया जाएगा। इच्छुक लोग आशीष गोयल से चर्चा कर सकते हैं।



## खटीक समाजजनों ने किया विरोध

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खटिक समाज से जुड़े तरुण बुधोलिया खटीक निवासी उत्तम नगर दिल्ली की मृत्यु पर इंदौर खटीक समाज ने भी कल नन्दलालपुरा सब्जी मंडी स्थित खटीक उद्यान में एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। अहिल्या प्रतिमा पर कैंडल लेकर समाजजन पहुंचे और मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। एक करोड़ मुआवजा और शासकीय नौकरी परिजनों को देने की मांग भी की गई। ओमप्रकाश राजोरे, अमरसिंह भिलवारे, भीमसिंह नेकिये, भरतसिंह खस, सूरज नेकिये मौजूद थे।

## जैन मिलेनियम ग्रुप ने किया रिसोर्ट पर आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप 'मिलेनियम' द्वारा रिसोर्ट पर जैन दम्पति सदस्यों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कई रोचक और मनोरंजन गेम प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किए। गेर नृत्य का आयोजन किया। रुचिल दोषी, मनीष शाह, अमित नाहटा, रितेश मीनू बाफना ने अपनी भूमिका निभाई।







## भगवान आदिनाथ का किया अभिषेक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

1008 श्री आदिनाथ भगवान के जन्म-दिवस के अवसर पर श्री दिगम्बर जैन लश्करी मन्दिर गोराकुंड पर अभिषेक-शांतिधारा का आयोजन भगवान के जन्मोत्सव पर किया गया। वीरेन्द्र बड़जात्या, योगेन्द्र लुहाड़िया, कमल जैन, दिनेशकान्त जैन, कमल लुहाड़िया, धनकुमार अजमेरा, राजकुमार जैन, अनिल जैन, प्रिंस काला, सोनू बड़जात्या, प्रवीण जैन, देवेन्द्र जैन एवं जैन मातृशक्तियां भी मौजूद रही। आज भी जैन जिनालयों में आयोजन होते रहे।

## गणगौर महोत्सव का बप्पा को निमंत्रण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

मां गणगौर उत्सव समिति शांतिनगर ने 23 मार्च को भजन संध्या का आयोजन गणगौर उत्सव के रूप में किया है और 24 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक भंडारा प्रसादी का आयोजन भी शांति नगर में होगा। ज्वारे विसर्जन का चल समारोह 25 मार्च की शाम 5 बजे किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर पहला निमंत्रण खजराना गणेश मंदिर में बप्पा को दिया गया।



आयोजन से दिनेश रोकड़े, मोहन राजपूत, मोहन गंगारे, राकेश डाकसे, अजय वर्मा, कमल प्रजापत, तुकाराम अल्सर, दीपक चौहान, मनोज हनोतिया, करण ऑटोदिया, अनिल चौहान, रवि लोनखेड़े, तेजा अल्सर, ओम प्रकाश हनोतिया, बबलू भालेकर, आयुष कोचले, शुभम शुभम खंडे, दुर्गेश विश्वकर्मा सहित अन्य जुड़े है। अतिथि महेन्द्र हार्डिया और महेश बसवाल होंगे।

## चन्द्रप्रभु मंदिर में भक्तामर और विधान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर राजेन्द्र नगर में भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक पर आज सुबह से आयोजन किए जा रहे हैं। अभिषेक, शांतिधारा, विधान का आयोजन किया गया। दीपक पाटनी ने बताया कि आज रात 7.30 बजे से आरती 48 दीपों से होगी। शाम को भक्तामर पाठ भी किया जाएगा।



## अपराजिता महिला संघ ने किया प्रतिभा सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अपराजिता महिला संघ ने कल आनन्द माथुर सभागृह में 'महिला सुरक्षा एवं उद्यमी परिचर्चा एवं सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन किया। प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। अतिथि अधिकारी सीमा अलावा एवं नागेश चौरसिया, विजय अहिरवार, आशीष कटियार, सोनिका भगत रही जिन्होंने उद्बोधन भी दिए। रेखा रामजे ने उक्त जानकारी दी।



# दीपक एडवरटाइजिंग का हेड ऑफिस स्थानांतरित

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विज्ञापन कंपनी दीपक एडवरटाइजिंग का हेड ऑफिस अब स्थानांतरित होकर जेठा वन, सेकंड फ्लोर, ए-13, सिल्वर स्प्रिंग बिजनेस पार्क, डीमार्ट के सामने, बाय पास पर आ गया है। क्रिएटिव कार्य करने के लिए सही वातावरण देता है। नवीनतम तकनीक और डिजाइन से लैस यह स्पेस एजेंसी की इनोवेटिव कैंपेन और ब्रांड बिल्डिंग क्षमताओं को नई गति देगा।दीपक जेठा, मैनेजिंग डायरेक्टर, दीपक एडवरटाइजिंग एजेंसी ने कहा, 'यह अपग्रेड हमारी ग्राहक-केंद्रित प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

# 350 कार्डियोलॉजिस्ट विमेन कार्डियक केयर कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

विंकार्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित विमेन कार्डियक केयर कॉन्फ्रेंस का एडिशन, 14-15 मार्च, को बायपास स्थित होटल में इंटरनेशनल विमेंस डे के मौके पर होगा। इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन विंकार्स एसोसिएशन की प्रेसिडेंट और इंदौर के अपोलो हॉस्पिटल्स में कैथ लैब की सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और डायरेक्टर डॉ. सरिता राव कर रही हैं। भारत और विदेश के 350 से ज़्यादा जाने-माने कार्डियोलॉजिस्ट के साथ-साथ 10 से ज़्यादा देशों की इंटरनेशनल फैकल्टी के शामिल होने की उम्मीद है, जिससे यह कार्डियोवैस्कुलर मेडिसिन के क्षेत्र में एक बड़ा आयोजन होगा। दो दिन के साइंटिफिक प्रोग्राम में कई तरह की एकेडमिक एक्टिविटीज़ होंगी, जिसमें इंटरनेशनल लाइव केस डेमोंस्ट्रेशन, लाइव-इन-बॉक्स सेशन, डिडैक्टिक लेक्चर, 'मास्टर्स से सीखें' सेशन, शानदार डिबेट, चैलेंजिंग केस प्रेजेंटेशन, एब्स्ट्रैक्ट सेशन और नेशनल इड क्विज़ शामिल हैं। ये सेशन डॉक्टरों, रिसर्चर्स और युवा मेडिकल ट्रेनीज़ को कार्डियोलॉजी के जाने-माने एक्सपर्ट्स से नॉलेज शेयर करने और सीखने के लिए एक दिलचस्प प्लेटफॉर्म देंगे।

# स्वर्णकार महिलाओं का गणगौर उत्सव में चल समारोह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार मेवाड़ समाज छत्रीबाग से जुड़ी मातृशक्तियों द्वारा गणगौर उत्सव और चल समारोह का आयोजन 14 मार्च शनिवार को दोपहर 12 बजे से जगदीश मंदिर छत्रीबाग में किया जाएगा। दोपहर में चल समारोह निकाला जाएगा और चल समारोह वापस मंदिर पहुंचेगी, जहां दोपहर 3 बजे से पूर्व महिला अध्यक्षों का सम्मान होगा। चल समारोह का जगह-जगह स्वागत होगा। खासतौर से बड़ा सराफा, बजाजखाना चौक पर समाजजनों द्वारा यह सम्मान होगा। यात्रा छत्रीबाग से सराफा होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। शृंगार प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा। आयोजन से सुनीता सोनी, हीरामणि सोनी, नीतू सोनी, शारदा सोनी, मीना सोनी, उषा सोनी, टीना सोनी, राधा सोनी, संतोष सोनी, अनिता सोनी, प्रियंका सोनी, शवेता सोनी, पूजा सोनी, राखी सोनी, जया सोनी, रीना सोनी जुड़ी हुई है। आयोजन की तैयारियों को लेकर लगातार बैठक के दौर भी चल रहे हैं।



# मातृशक्ति करवा रही है भागवत कथा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भीमाशंकर महादेव मंदिर गणराज्य नगर खजराना में आदिशक्ति महिला मंडल द्वारा भागवत महापुराण का आयोजन सुधांशु नागर महाराज के मुखारविंद से कराया जा रहा है। व्यासपीठ का पूजन भी किया गया। उक्त जानकारी रामेश्वर चौहान ने दी।

# बाबा साहब की जयंती पर डोम-मंच न बनाने की मांग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती के अवसर पर 12 से 14 अप्रैल तक महू स्थित डॉ. आंबेडकर जन्मभूमि राष्ट्रीय स्मारक पर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस संबंध में लहुजी शक्ति सेना एवं मांग (मातंग) समाज युवा संगठन, मध्यप्रदेश द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर स्मारक के सामने मुख्य सड़क पर डोम (पंडाल) एवं मंच नहीं बनाने की मांग की गई है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल साठे ने बताया कि हर वर्ष 13 अप्रैल की शाम से लेकर 14 अप्रैल तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। ऐसे में मुख्य सड़क पर डोम एवं मंच बनाए जाने से रास्ता संकरा हो जाता है, जिससे आवागमन प्रभावित होता है और भगदड़ जैसी स्थिति बनने की आशंका बनी रहती है। इससे महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ की स्थिति में किसी प्रकार की दुर्घटना या जनहानि होने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता, इसलिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाना आवश्यक है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में स्वर्ण मंदिर के पास स्थित शासकीय ग्राउंड में ही डोम एवं मंच की व्यवस्था की जाती थी, जहां भोजनशाला तथा श्रद्धालुओं के रुकने की भी व्यवस्था रहती थी। यह स्थान खुला एवं सुरक्षित होने के कारण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती थी। संगठन ने जिला प्रशासन से मांग की है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डॉ. आंबेडकर जन्मभूमि स्मारक के सामने मुख्य सड़क पर डोम या मंच का निर्माण न किया जाए।

# राठौर समाज में सर्वानुमति से जिम्मेदारियां



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री सकल पंच राठौर समाज द्वारा समन्वय समिति की बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि समाज में आपसी एकता और समन्वय बनाए रखने के लिए अध्यक्ष पद हेतु तीन अलग-अलग व्यवस्थाओं में पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से ललित राठौर को श्री सकल पंच राठौर समाज का अध्यक्ष, गोविंद राठौर को श्री राम मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष तथा अशोक राठौर को राठौर बगीचे निर्माण समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं संयोजक पद के लिए सोनू राठौर (पूर्व पार्षद) के नाम की स्वीकृति हुई। सभी नए जिम्मेदार लोगों का सम्मान भी किया गया। नीलांशु राठौर बल्लू ने उक्त जानकारी दी।

# डाउन सिंड्रोम दिवस पर स्वास्थ्य शिविर होगा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स लोकल लेवल कमेटी इंदौर और डाउन सिंड्रोम फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 26 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय डाउन सिंड्रोम दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला चिकित्सालय इंदौर और एक्रोपोलिस संस्थान के सहयोग से जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, परदेशीपुरा में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक आयोजित होगा। इस दिन स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता के कार्यक्रम भी होंगे। विशेषज्ञों द्वारा परामर्श भी दिए जाएंगे। डॉ. अनुराधा जैन, डॉ. संजय सिलावट अपनी भूमिका निभाएंगे।

# राजपूत समाज का पुनर्विवाह परिचय सम्मेलन 22 को

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राजपूत समाज युवा चेतना मंडल के तत्वावधान में आगामी 22 मार्च को एक विशेष पुनर्विवाह परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। समाज की युवा इकाई द्वारा पहली बार इस तरह के परिचय सम्मेलन की पहल की जा रही है, जिसका उद्देश्य सामाजिक एकजुटता और सकारात्मक बदलाव लाना है। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से महाकाल मैरिज गार्डन में प्रारंभ होगा। समितियों का गठन भी किया गया है।

# 'भूजल स्त्रोतों की शुद्धि और पुनर्भरण पर संगत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सेवा सुरभि के तत्वावधान में 15 मार्च को 'भूजल स्त्रोतों की शुद्धि और पुनर्भरण में सावधानी' जैसे प्रासंगिक विषय पर परिसंवाद रूपी संगत का आयोजन सुबह 10 बजे से राजेंद्र माथुर सभागृह में रखा गया है। इस अवसर पर शहर के अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में शहर के जल स्त्रोतों की देखभाल और जल वितरण की व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम शहर के सुधि नागरिकों के लिए खुला है।

# फुले को याद किया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देश की प्रथम शिक्षिका सावित्री देवी फुले को कल याद कर माल्यार्पण के बाद विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। सदाशिव यादव काका, हुकुमचंद जादम सेनी ने उक्त जानकारी दी।



# मेनारिया ब्राह्मण समाज पदाधिकारियों का सम्मान



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पालीवाल समाज की शिक्षा समिति ने मेनारिया ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान का आयोजन किया। 52 श्रेणी के निर्विरोध अध्यक्ष जसराज मेहता के साथ पूरे पदाधिकारी और इकाई का सम्मान किया गया। हरलाल पालीवाल, भूरालाल व्यास, विजयशंकर जोशी, पुरुषोत्तम पुरोहित सहित अन्य मौजूद थे।

# एकमात्र यातायात पार्क में अब बच्चों को अंधेरे की वजह से नहीं होगी परेशानी

## पार्षद के प्रयासों से चालू हो गई महीनों से बंद पड़ी बगीचे की लाइटिंग

### लंबे समय से छाया था अंधेरा,अब हो गई पूरे पार्क में दोबारा जगमगाहट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** रेसीडेंसी क्षेत्र में रेडियो कॉलोनी मैनरोड़ पर स्थित शहर के एकमात्र यातायात पार्क में लंबे समय से आधी से ज्यादा बंद पड़ी लाइटिंग अब जाकर क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल के प्रयासों से दोबारा चालू हो गई। यही नहीं इससे दोबारा यहां महीनों से बंद पड़ी लाइटिंग चालू होने से गर्मी के पहले पार्क में चारों तरफ जगमगाहट से पार्क की रौनक दोबारा लौट आई है। यही नहीं अब यहां आने वाले लोगों को पिछले तीन चार सालों से बन्द पड़े पार्क के ट्रैफिक सिग्नल की बंद लाइटिंग भी चालू होने का इंतजार है। जिसके लिए क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल द्वारा लगातार प्रयास भी किए जा रहे है।

### लंबे समय की बदहाली धीरे धीरे हो रही दूर

दरसअल रेसीडेंसी क्षेत्र के सालों पुराने यातायात पार्क में बच्चों और युवाओं में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता और नियमों को समझने के लिए बने पार्क की लंबे समय दे हो रही बदहाली और दुर्दशा के कारण रहवासी और आसपास के बच्चे ट्रैफिक पार्क में ट्रैफिक नियमों की जानकारी और यहां गाड़ी चलाना भी नहीं सीख पा रहें है।



### स्कूली बच्चे आते थे सीखने ट्रैफिक रूल

वहीं बड़ी बात यह है कि पहले रेसीडेंसी क्षेत्र के इस एकमात्र यातायात पार्क में जब सभी ट्रैफिक सिग्नल चालू थे, और लोगो को यातायात के नियम सिखाने के लिए यहां आए दिन शहर के कई बड़े स्कूलों के बच्चों को नियम सिखाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्कूल स्टॉफ के साथ यातायात के नियम सिखाने के लिए पार्क में पाठशाला लगाई जाती थी। जहां बच्चे खेल खेल में टीचर और ट्रैफिक पुलिस के साथ ट्रेफिक नियमों के पालन की जानकारी लेते थे। यही नहीं पहले यहां पार्क में चारों तरफ अंदर डामर की नई सड़क भी बनी थी। साथ ही यातायात रूल की मार्किंग भी थी। जेब्रा कार्सिंग, लेफ्ट टर्न और राइट टर्न के साथ स्टॉप लाइन बनी हुई थी। जिसे देखकर स्कूल के बच्चे ट्रैफिक नियमों की जानकारी लेते थे। यही नहीं बाकायदा यहां ट्रैफिक नियमों को सिखाने के लिए पाठशाला लगाकर क्लास भी लगाई जाती थी। जिसमें स्कूल के स्टाफ और बच्चों के साथ ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी खुद बच्चों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते थे। इसके लिए बकायदा अलग-अलग स्कूलों की आए दिन क्लास लगती थी।

इस दौरान यहां लगे ट्रैफिक सिग्नल चालू कर बच्चों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी जाती थी। कब कौन सी बत्ती में रुकना और आगे चलना है, साथ ही पैदल चलने वालों और गाड़ी और साइकिल से चलने वालों को कब और किन नियमों का पालन करते हुए किस लाइन में चलना है। इसको लेकर बकायदा यहां चारों तरफ ट्रैफिक सिग्नल लगे थे। यही नहीं जो अक्सर चालू भी रहते थे। मगर अब हालात यह है कि पिछले कई सालों से रेसीडेंसी क्षेत्र के यातायात पार्क में बदहाली छाई है। कई सालों से यहां के ट्रैफिक सिग्नल पूरी तरह से बंद पड़े है। जिसको लेकर निगम और यातायात विभाग के जिम्मेदार अधिकारी बजट के अभाव में लंबे समय से क्षेत्र के रहवासियों की शिकायत के बावजूद ध्यान नहीं दे रहे है। यही नहीं क्षेत्रीय पार्षद द्वारा भी लगातार नए ट्रैफिक सिग्नल लगाने से लेकर बंद लाइटिंग चालू करने के लिए कई बार प्रयास किए। हालांकि पार्षद के प्रयास से लाइटिंग तो चालू हो गई अब लोगों को बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल चालू होने का इंतजार है।

# इंदौर-नई दिल्ली त्रिसाप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस का रेलवे ने किया विस्तारः अब ट्रेन हिसार तक चलेगी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मण्डल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए, इंदौर रेलवे स्टेशन से संचालित होने वाली इंदौर-नई दिल्ली त्रिसाप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस का विस्तार हिसार तक किया गया है। जिससे इस ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा होगी। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार 11 मार्च से इंदौर से चलने वाली ट्रेन संख्या 20957 इंदौर-हिसार त्रिसाप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस इंदौर से शाम 16.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन प्रातः 09.20 बजे हिसार पहुंचेगी। इसी प्रकार 12 मार्च से हिसार से चलने वाली ट्रेन संख्या 20958 हिसार-इंदौर त्रिसाप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस हिसार से दोपहर 13.20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन प्रातः 06.45 बजे इंदौर पहुंचेगी।



रेलवे पीआरओ के मुताबिक इस ट्रेन का ठहराव नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के स्थान पर अब दिल्ली सफदरगंज दिया गया है। इसके साथ ही इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में शकूरबस्ती, रोहतक, महम एवं हांसी स्टेशनों पर भी ठहराव रहेगा। इसके अतिरिक्त इस ट्रेन में अन्य कोई बदलाव नहीं किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेनों के ठहराव, समय एवं ट्रेनों की वास्तविक स्थिति की जानकारी भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर अवश्य देखें। साथ ही रेलवन ऐप पर भी जानकारी ले सकते हैं।

# कंचनबाग उद्यान में जल्द नवरात्रि के बाद अब दूर होगा सालों पुराना अंधेरा



### लाखों रुपए खर्चकर 25 से ज्यादा नए डिजाइनर पोल लगाकर होगी बगीचे में जगमगाहट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** जोन क्रमांक 11 से जुड़े पॉश एरिया की कॉलोनी कंचन बाग के बड़े उद्यान में अब आने वाले दिनों में चैत्र नवरात्रि के बाद यहां बगीचे का सालों पुराना अंधेरा जल्द दूर होने वाला है। इसके लिए निगम द्वारा यहां लाखों रुपए खर्चकर उद्यान विभाग के अंतर्गत 25 से ज्यादा नए डिजाइनर इलेक्ट्रिक पोल लगाकर उन पर आकर्षक रोशनी वाली लाईटिंग लगाई जाएगी ताकि लंबे समय से कंचनबाग क्षेत्र के बगीचे में फैला अंधेरा दूर किया जा सकें। यही नहीं इससे सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अब गर्मी का मौसम शुरू हो गया है ऐसे में बच्चे भी छुट्टियों में देर तक कालोनी के बगीचे में खेल पाएंगे। यही नहीं कालोनी के सीनियर सिटिजन और खासकर महिलाएं भी बगीचे में नई लाइटिंग लगने के बाद देर रात तक अपने आप को सुरक्षित मान घर के नजदीक वाले पार्क में आराम से घूम सकेंगी।

### लंबे समय से रहवासी कर रहे थे जनप्रतिनिधियों और निगम से मांग

गौरतलब है कि पॉश एरिया कंचनबाग क्षेत्र के रहवासी परिवार लंबे समय से यहां के जनप्रतिनिधियों और निगम के जिम्मेदार अफसरों से लंबे चौड़े बगीचे में महीनों से बंद और खराब पड़ी टूटी - फूटी लाइटिंग को बदलकर नई लगाने की मांग कर रहे थे। जिसके बाद रहवासी संघ की पहल पर क्षेत्रिय पार्षद और निगम के सहयोग से अब यहां आने वाले दिनों में बेहद जल्द संपूर्ण बगीचे में निगम द्वारा यहां उद्यान विभाग के अंतर्गत लाखों रुपए खर्चकर नए आकर्षक डिजाइन वाले बिजली के पोल लगाकर उन पर तेज रोशनी वाली नई लाइटिंग लगाने की तैयारी है। यही नहीं अगले एक से डेढ़ माह में इस बगीचे में जगमगाहट नजर आएंगी। जिसको लेकर निगम ने तैयारियां भी शुरू कर दी है।

# औद्योगिक क्षेत्र में पालदा नाका से प्रभु तौल कांटा तक लाइटिंग बंद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** राऊ विधानसभा के औद्योगिक क्षेत्र पालदा नाका से प्रभु तौल कांटा तक के बड़े हिस्से में पिछले कई दिनों से यहां की आधी से ज्यादा सेंट्रल लाइटिंग बंद होने से लापरवाही का अंधेरा छाया हुआ है। जिसको लेकर यहां के व्यापारियों और रहवासियों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग की सेंट्रल लाइटिंग चाहे जब बंद हो जाती है। यही नहीं इसके कारण अंधेरे में इस सबसे ज्यादा ट्रैफिक वाले मार्ग पर कई बार दुर्घटना और छोटे-मोटे एक्सीडेंट भी होते रहते है, उसके बावजूद निगम के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।

वहीं बड़ी बात यह है कि आसपास के लोगों के मुताबिक़ पालदा नाका से औद्योगिक क्षेत्र तक के मुख्य मार्ग के बड़े हिस्से में पिछले तीन चार माह से आए दिन एलइडी लाइटिंग बंद हो जाती है। जिसके कारण अक्सर यहां अंधेरा छाया



रहता है। क्षेत्र के व्यापारी भेरुलाल गुर्जर, राकेश प्रजापत, वीरेंद्र सिसोदिया, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर का कहना है कि कई बार निगम की 311 एप में शिकायत कर दी है। थोड़े दिन में कभी कोई देखने आता है ,आधी अधूरी लाइट चालू होती है और फिर बंद हो जाती है। जिसके कारण नेमावर रोड़ पर कभी तीन इमली से पालदा नाका तक के हिस्से में अंधेरा तो कभी मामा तौल कांटे से प्रभु तौल कांटा तक के बड़े हिस्से में लापरवाही का अंधेरा पसरा रहता है। जिसको लेकर बायपास से जुड़े इस मुख्य मार्ग पर आए दिन भीड़ - भाड़ और भारी वाहनों की सबसे ज्यादा आवाजाही के कारण कई बार दुर्घटनाएं होती रहती है। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## संपादकीय

# क्या नौकरी 'क्वालिटी' वाली है? नीति आयोग की रिपोर्ट ने खोली सेवा क्षेत्र की पोल!

अर्थव्यवस्था के मुख्य रूप से तीन क्षेत्र होते हैं। पहला प्राथमिक क्षेत्र, जिसके अंतर्गत प्राकृतिक संसाधनों के निष्कर्षण और उत्पादन से संबंधित क्रियाएं होती हैं। जैसे कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, वनस्पति और वन उत्पाद और खनन। दूसरा क्षेत्र है जिसमें प्राथमिक क्षेत्र से प्राप्त कच्चे माल से विभिन्न उत्पादों का निर्माण किया जाता है। इसमें विनिर्माण उद्योग, निर्माण कार्य और बिजली उत्पादन जैसी गतिविधियों को सम्मिलित किया जाता है। अर्थव्यवस्था का तीसरा क्षेत्र सेवाओं से संबंधित है। इसमें व्यापार और वाणिज्य, साजो-समान परिवहन, संचार, शिक्षा और स्वास्थ्य, वित्त, बीमा, पर्यटन तथा आतिथ्य से जुड़ी सेवाओं को शामिल किया जाता है। इन तीनों क्षेत्रों का एक दूसरे से गहरा संबंध है और ये मिल कर देश की अर्थव्यवस्था को आकार देते हैं। रोजगार की दृष्टि से भी ये तीनों क्षेत्र महत्त्वपूर्ण हैं। भारत का सेवा क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। इसमें पर्याप्त रोजगार भी उपलब्ध हुए हैं, लेकिन इनमें गुणवत्ता वाले रोजगार की कमी बनी हुई है। सेवा क्षेत्र लगभग 18.8 करोड़ लोगों को रोजगार दे रहा है, जो कुल कार्यबल का लगभग 30 फीसद है। नीति आयोग की एक नई रपट के अनुसार, वर्ष 2023-2024 में सेवा क्षेत्र में रोजगार बढ़ कर 29.7 फीसद हो गया, जो वर्ष 2011-12 में 26.9 फीसद था। इस दौरान लगभग चार करोड़ नौकरियां जुड़ीं जो वैश्विक औसत 50 फीसद से काफी कम है। इससे संकेत मिलता है कि भारतीय कृषि और सेवा क्षेत्र की बढ़त अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में धीमी रही है। जाहिर है कि सामाजिक सुरक्षा, असंगठित क्षेत्र के पंजीकरण और औपचारिक सेवाओं के विस्तार पर जोर देना होगा। भारत सरकार ने सेवा क्षेत्र को अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा क्षेत्र मानते हुए इसे बढ़ावा देने वास्ते कई महत्त्वपूर्ण प्रयास किए हैं। 'डिजिटल इंडिया अभियान' के अंतर्गत कई सरकारी सेवाओं को आनलाइन किया गया है। डिजिटल भुगतान और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने के प्रयास किए गए और ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधा का विस्तार करने के लिए कदम उठाए गए। 'स्टार्टअप इंडिया योजना' के अंतर्गत नए उद्यमों को करों में छूट और पंजीकरण प्रक्रिया को आसान किया गया है। जो कंपनियां नवाचार और सेवा आधारित कार्यों को प्रोत्साहन देती हैं, उनको कई राहत और प्रोत्साहन देने की घोषणाएं की हैं। 'मेक इन इंडिया अभियान' के अंतर्गत विनिर्माण के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यटन और आतिथ्य जैसे सेवा क्षेत्रों को बढ़ावा देने के उपाय किए गए हैं। इसके अलावा, 'स्किल इंडिया मिशन' के माध्यम से युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर सेवा क्षेत्र के लिए कुशल कार्यबल तैयार करने की योजनाएं बनाई गई हैं। साथ ही पर्यटन स्थलों का विकास और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के प्रयास किए गए हैं। होटल और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तरों पर कोशिश जारी हैं। आइटी और बीपीओ क्षेत्र को प्रोत्साहन, साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों को कर रियायतें और सेवा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं बनाई गई हैं।

# पति ने पत्नी को बेरहमी से पीटा

**इन्दौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में घरेलू हिंसा का एक शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने शराब के नशे में अपनी ही पत्नी के साथ न केवल घर में मारपीट की, बल्कि बीच सड़क पर कार में बैठाकर भी उसे थप्पड़ों से पीटा। आरोपी ने महिला को इंदौर छोड़ने या जान से मारने की धमकी भी दी है।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विजयनगर पुलिस के अनुसार, कल्पकामधेनू नगर निवासी शीतल बाई ने अपने पति राजू जायसवाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़िता ने बताया कि राजू आए दिन शराब पीकर घर में कलह करता है और उसके साथ अश्लील गाली-गलौज करता है। घटना 11 मार्च की दोपहर करीब 3:30 बजे की है। आरोपी राजू शराब के नशे में धुत होकर घर पहुँचा और बिना किसी बात के शीतल से विवाद करने लगा। गुस्से में उसने पत्नी के बाल पकड़े और उसे हाथ-मुक्कों व लात-घूंसों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान शीतल अपनी जान बचाने के लिए गिड़गिड़ाती रही, लेकिन आरोपी का दिल नहीं पसीजा। घर में मारपीट करने के बाद आरोपी बाहर निकल गया। जब शीतल उसके पीछे गई, तो आरोपी ने उसे जबरन कार में बैठा लिया और पास की गली में ले जाकर फिर से थप्पड़ों से पिटाई की। आरोपी ने जाते-जाते धमकी दी कि अगर तू इस घर में रही या इंदौर में कहीं भी दिखाई दी, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

# होटल संचालक को चाकू दिखाकर मांगी 5 हजार की रंगदारी, मना करने पर की मारपीट

**इन्दौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में गुंडागर्दी और अवैध वसूली का मामला सामने आया है। यहाँ एक होटल संचालक से कमरा किराए पर लेने की बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद बदमाशों ने चाकू की नोक पर हर महीने 5 हजार रुपये की रंगदारी की मांग की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक स्कीम नंबर 136 कबीटखेड़ी स्थित होटल रॉयल स्टेट में कार्यरत अखिलेश सतवई ने शिकायत दर्ज कराई है कि 10 मार्च की रात करीब 9 बजे अंकित पिता हिंदू सिंह अपने दो साथियों के साथ होटल पहुँचा था। अंकित ने रुकने के लिए कमरे का किराया पूछा, जिस पर अखिलेश ने 1000 रुपये बताया। इस पर आरोपी जिद करने लगा कि उसे 700 रुपये में दो कमरे दिए जाएं। जब होटल कर्मचारी ने नियम और किराए का हवाला देकर मना किया, तो आरोपी अचानक भड़क गया। शिकायत के मुताबिक आरोपी अंकित ने अपनी जेब से चाकू निकाल लिया और अखिलेश के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद अंकित और उसके दोनों साथियों ने मिलकर अखिलेश पर हमला कर दिया और हाथ-मुक्कों से उसकी बेरहमी से पिटाई की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने साफ शब्दों में धमकी दी कि यदि इस इलाके में होटल चलाना है, तो हर महीने 5 हजार रुपये देने होंगे, वरना जान से खत्म कर देंगे। पीड़ित ने तुरंत अपने मालिक नितेश को फोन कर घटना की जानकारी दी, जिसे देख तीनों आरोपी मौके से भाग निकले। भागते समय भी बदमाशों ने पैसे न मिलने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। हीरानगर पुलिस ने आरोपी अंकित और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ रंगदारी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## चाकू लहराते घूम रहा युवक पकड़ाया

**इन्दौर।** जूनी इंदौर पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी सार्वजनिक स्थान पर चाकू लेकर घूम रहा था, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल था।

जूनी इंदौर पुलिस टीम ने ब्रिज के नीचे हरिजन कॉलोनी क्षेत्र में घेराबंदी कर ईश्वर उर्फ ईशू तेजी को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 13 इंच लंबा चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया है।

# पति का दोस्त बनकर जीता भरोसा, फिर लाख रुपये हड़पकर महिला से की मारपीट

**इन्दौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने महिला के दिवंगत पति का मित्र बनकर पहले उसका विश्वास जीता और फिर लाखों रुपये उधार लेकर वापस मांगने पर अपनी माँ के साथ मिलकर महिला की पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर माँ-बेटे के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, खिजरा पार्क कॉलोनी निवासी निर्मला पति स्व. मनोज चौहान ने शिकायत दर्ज कराई है कि करीब एक साल पहले उनकी पहचान ग्रीन पार्क निवासी इरफान खान नामक युवक से हुई थी। इरफान ने खुद को उनके दिवंगत पति का दोस्त बताते हुए सहानुभूति हासिल की और अपनी आईडी खराब होने का बहाना बनाकर निर्मला की आईडी पर 20 हजार रुपये का मोबाइल फाइनेंस करवा लिया। इसके कुछ समय बाद उसने अपने पिता के इलाज का हवाला देते हुए निर्मला से एक लाख रुपये नकद उधार लिए और वादा किया कि वह दो-तीन महीने में पूरी रकम लौटा देगा।

जब चार-पांच महीने बीत जाने के बाद निर्मला को पैसों की जरूरत पड़ी और उन्होंने इरफान से अपनी रकम वापस मांगी, तो विवाद की स्थिति बन गई। आरोप है कि इरफान अपनी माँ तब्बसुम खान के साथ निर्मला के घर पहुँचा और पैसे देने के बजाय दोनों गाली-गलौज करने लगे। जब महिला ने इसका विरोध किया, तो इरफान और तब्बसुम ने मिलकर उनके साथ थप्पड़ों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए वहाँ से भाग निकले। चंदन नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# एफडी के फर्जी दस्तावेज लगाकर जमानत, तीन आरोपियों पर केस

**इंदौर।** जिला न्यायालय में जमानत के लिए एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) के दस्तावेजों में कथित कूटरचना कर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर एमजी रोड पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सिद्ध नगर हीरानगर निवासी फरियादी अनुराग यादव ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपियों ने उसकी एफडी के दस्तावेजों में कूटरचना कर उन्हें जमानत के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया। जांच में यह भी सामने आया कि न्यायालय के समक्ष दी गई जमानत संबंधी जानकारी असत्य थी। इस मामले में पुलिस ने जाकिर पिता मजीद हुसैन निवासी सदर बाजार, मोहसीन पिता एजाज और शाहनवाज पिता एजाज खान निवासी डूंगरपुर जावरा जिला रतलाम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) और 61 के तहत दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस के मुताबिक यह घटनाएं 4 फरवरी को जिला न्यायालय परिसर में हुई थीं। मामले में दस्तावेजों की जांच की जा रही है और आरोपियों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। युवक ने अपने ही घर की ऊपरी मंजिल पर फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के वक्त घर में परिवार के अन्य सदस्य और रिश्तेदार भी मौजूद थे, लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगी कि युवक ऐसा आत्मघाती कदम उठा लेगा।

ऋषि पैलेस निवासी सुनील पिता हीरालाल (30) ने बुधवार को अपने घर की ऊपरी मंजिल पर जाकर फांसी लगा ली। घटना के वक्त घर के नीचे वाले हिस्से में परिजन मौजूद थे और पास में ही रहने वाले सुनील के साडू भाई भी मिलने के लिए घर आए हुए थे। काफी देर तक जब सुनील नीचे नहीं आया, तो उसकी मां उसे बुलाने के लिए ऊपर पहुँचीं। वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए सुनील फंदे पर लटका हुआ था। परिजन आनन-फानन में सुनील को फंदे से नीचे उतारकर एमवाय अस्पताल ले गए, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सुनील पेशे से एक मोबाइक्र बैटरी कंपनी में काम करता था। उसकी शादी करीब चार साल पहले हुई थी और उसकी ढाई साल की एक छोटी बेटी भी है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। द्वारकापुरी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| --- | --- |
| 160300 | 161300 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 264500 | 267100 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# दुकान के बाहर सामान रखने को लेकर विवाद, गर्भवती के पेट में मारी लात

**इन्दौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र की जबरन कॉलोनी में दुकान के सामने सामान रखने को लेकर दो पक्षो में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की गर्भवती महिला के पेट पर लात मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर क्रॉस केस दर्ज किया है।

घटना जबरन कॉलोनी मेन रोड की है। पुलिस ने एक पक्ष की ओर से फरियादी सुरेन्द्र उर्फ गोलू धनोरा की शिकायत पर आरोपी हर्ष धनोरा, मयंक और कमल धनोरा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। सुरेन्द्र ने पुलिस को बताया कि आरोपी हर्ष ने उसकी दुकान के सामने सामान रखने पर आपत्ति जताते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी थी। जब सुरेन्द्र ने विरोध किया, तो हर्ष के साथ उसके भाई मयंक और कमल ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच जब सुरेन्द्र की गर्भवती पत्नी कीर्ति बीच-बचाव करने आईं, तो आरोपियों ने उनके पेट पर लात मार दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। वहीं, दूसरे पक्ष से हिमांशु पिता कमल धनोरा ने भी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हिमांशु की शिकायत पर पुलिस ने सोनू धनौरा, प्रिंस, मोनू, गोलू उर्फ सुरेन्द्र, लक्ष्मी धनौरा, कीर्ति और हुकुमचंद धनौरा के खिलाफ केस दर्ज किया है। हिमांशु का आरोप है कि दुकान के सामने सामान रखने की बात पर इन सभी लोगों ने मिलकर उनके साथ अभद्रता की, गालियां दीं और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## महापौर का ध्यान लोक अदालत के माध्यम से राजस्व एकत्रीकरण पर



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आगामी लोक अदालत के माध्यम से पुराने मामले निपटे और ज्यादा से ज्यादा राजस्व निगम के खाते में आए इसके लिए महापौर का ध्यान राजस्व एकत्रिकरण पर लगा हुआ है। राजस्व वसूली की प्रगति समीक्षा भी कल सिटी बस कार्यालय में बैठक के दौरान की। बैठक में निरंजनसिंह चौहान, अधिकार सिंगार श्रीवास्तव, केशव सगर, प्रदीप जैन के अलावा समस्त सहायक राजस्व अधिकारी, बिल कलेक्टर तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर ने यहां तक कहा कि नेशनल लोक अदालत के बाद भी निगम 31 मार्च तक निर्धारित राजस्व लक्ष्य की पूर्ति के लिए विशेष अभियान चलाए। महापौर ने कहा कि वित्तीय वर्ष की अंतिम लोक अदालत है, इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सक्रियता के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक बकाया राजस्व की वसूली सुनिश्चित करें।

**निगम लगाएगा बकायादार खाली प्लाट पर अपना बोर्ड-** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कल सिटी बस कार्यालय में बैठक के दौरान निर्देश दिया कि शहर में ऐसे खाली प्लॉट, जिन पर नगर निगम का राजस्व बकाया है, उन पर निगम संपत्ति संबंधी बोर्ड लगाए जाएं, ताकि बकायादारों को नोटिस स्वरूप जानकारी प्राप्त हो सके। इसके साथ ही शहर के बड़े बकायादारों, होटल, हॉस्टल, रेस्टोरेंट, पेट्रोल पंप तथा अन्य व्यवसायिक संपत्तियों के संचालकों से लगातार संपर्क कर बकाया राजस्व की वसूली सुनिश्चित की जाए।

**संपत्ति नामांतरण के प्रकरणों का समय सीमा में करें निराकरण -** महापौर भार्गव ने निर्देश दिए कि संपत्ति नामांतरण से संबंधित लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि 30 दिवस से अधिक समय से लंबित नामांतरण प्रकरणों की जांच की जाए तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए।

## नाबालिग ने फंदे पर लटककर दी जान

**इन्दौर।** शहर के एमआईजी थाना क्षेत्र में एक 16 साल के किशोर द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का दुखद मामला प्रकाश में आया है। सोमनाथ की जूनी चाल में रहने वाले किशोर ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिसके कारण आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## विद्युत मंडल ने की बकायादारों के लिए सख्ती शुरू

### एमडी ने 15 अधीक्षण यंत्रियों को दिए निर्देश

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मार्च का माह वर्ष में वित्तीय उपलब्धि के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। मार्च के शेष 20 दिनों में कंपनी क्षेत्र के इंदौर समेत सभी 15 अधीक्षण यंत्री अपनी टीम के साथ सघनतम प्रयास कर राजस्व लक्ष्य पूर्ति करे।

बकायादार सूचना देने के बाद भी बिल राशि जमा नहीं कर रहे है तो कनेक्शन काटने समेत अन्य विधि सम्मत कार्रवाई हर हाल में की जाए। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने ये निर्देश दिए। सिंह 15 जिलों के अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़कर संबोधित कर रहे थे। कृषि, औद्योगिक, गैर घरेलू, सभी श्रेणी के बकादायार उपभोक्ताओं से हर स्थिति में पुरानी बकाया राशि वसूल करने के निर्देश दिए। स्मार्ट मीटर सेल, विजिलेंस सेल प्रभारियों को भी बकाया राशि वसूलने का पर्यवेक्षण करने एवं मैदानी दौरे कर वसूली कार्रवाई के निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने वाणिज्य शाखा प्रभारी को मार्च के शेष दिनों में सर्कलवार, डिविजन वार दैनिक लक्ष्य बनाकर दैनिक आधार पर सभी से चर्चा करने, समाधान योजना का अधिकाधिक पात्रों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। प्रबंध निदेशक सिंह ने कहा कि गर्मी प्रारंभ हो गई है, पेयजल स्त्रोत वाले कनेक्शन की बिजली आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि जलापूर्ति में किसी भी प्रकार के व्यवधान की स्थिति न बने।



## निगम ने स्विमिंग पूल का किराया चार गुना बढ़ाने का रखा प्रस्ताव

### अब स्विमिंग पूल के लिए नहीं दी जाएगी आजीवन सदस्यता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर नगर निगम के द्वारा स्विमिंग पूल का किराया चार गुना बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। अब निगम के स्विमिंग पूल में आजीवन सदस्यता नहीं दी जाएगी।

नगर निगम की महापौर परिषद की आज बैठक होने जा रही है। इस बैठक के लिए 15 प्रस्ताव का अतिरिक्त एजेंडा भी जारी कर दिया गया है। इस एजेंडा में एक प्रस्ताव नगर निगम के नेहरू पार्क और महू नाका के तारों पुष्कर का किराया बढ़ाने का भी रखा गया है। निगम के द्वारा वर्ष 2000 में इन स्विमिंग पूल का किराया 2500 प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया था। अब इस किराए में वृद्धि करते हुए इसे 10000 रु. प्रतिवर्ष करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि अब नगर निगम के द्वारा किसी भी व्यक्ति को स्विमिंग पूल के लिए आजीवन सदस्यता नहीं दी जाएगी।

### पेड़ काटने का लगेगा पैसा

बहुत से लोगों के द्वारा अपने घर के बाहर लगे हुए पेड़ के ज्यादा बड़ा हो जाने पर उसकी कटाई छंटाई करवाने में रुचि ली जाती है। ऐसे लोग नगर निगम के माध्यम से यह काम करवाने की कोशिश करते हैं लेकिन इसमें उन्हें बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में उनके द्वारा निजी क्षेत्र के ठेकेदार के माध्यम से इस काम को कराया जाता है। अब निगम के द्वारा इसके लिए नई व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति निर्धारित शुल्क देकर पेड़ की छंटनी करवा सकेगा।

### छोटा बांगडदा में होगा काम

इस बैठक में छोटा बांगड़दा में विकास कार्य करने का प्रस्ताव भी रखा गया है यहां पर नगर निगम के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासीय इकाइयों का निर्माण किया गया है। वहां पर अभी बचे हुए काम को पूरा करने के लिए अलग से प्रस्ताव लाया गया है।

## 150 करोड़ में बेचेंगे एमओजी लाइन के 5 ब्लॉक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर नगर निगम के द्वारा एम ओ जी लाइन के पांच ब्लॉक 150 करोड रुपए में बेचने की कोशिश नए सिरे से शुरू की गई है। स्मार्ट सिटी के रीडिवेलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत इस जमीन को चिन्हित किया गया था। इसके ब्लॉक बेचने के लिए एक बार फिर निगम मैदान में आ गया है।

नगर निगम के द्वारा गंगवाल बस स्टैंड के पास में स्थित एम ओ जी लाईन क्षेत्र का पूर्ण विकास करने का प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी में लिया गया था। इसके तहत नगर निगम के द्वारा वहां पर मौजूद सभी निर्माण तोड़ दिए गए हैं। पूरे क्षेत्र को समतल जमीन के क्षेत्र के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है। इसके बाद में नगर निगम के द्वारा इस क्षेत्र का स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा अलग से मास्टर प्लान बनाया गया। इस प्लान के अनुसार इस क्षेत्र की जमीन को अलग-अलग प्लांट के रूप में विभक्त किया गया। इसके बाद जब इस जमीन को बेचने की कोशिश स्मार्ट सिटी कंपनी ने की तो उनकी प्लानिंग को गलत बताते हुए बिल्डरों के द्वारा इस जमीन को खरीदने से इनकार कर दिया गया। पिछले दिनों प्रदेश के नगरीय प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने भी इस प्लानिंग को गलत बताकर सही करने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश के परिपेक्ष में स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा प्लानिंग में बड़ा परिवर्तन किया गया है। अब परिवर्तित की गई नई प्लानिंग के हिसाब से इस क्षेत्र की जमीन के प्लाट बेचने की कोशिश शुरू की गई है। पांच प्लाट विक्रय के लिए निकल गए हैं। इसकी कुल कीमत करीब 150 करोड रुपए होती है। इसमें से चार प्लाट 36 करोड रुपए प्रति प्लाट की कीमत के हैं। जब की एक प्लाट छोटा होकर 4 करोड रुपए से कुछ अधिक का है।

इन प्लाट के विक्रय की पहल करने के साथ ही स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा टेंडर जारी कर दिया गया है जिसमें की अप्रैल में उक्त प्लाट खरीदने के इच्छुक लोगों से उनके ऑफर बुलवाए गए हैं। अब जो ऑफर आएगा उसके हिसाब से स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा आगे के कदम उठाए जाएंगे। वैसे इस सौदे को लेकर इस बार सिटी कंपनी के द्वारा प्रीपेड बैठक भी रखी गई है।

## परशुराम सेना करेगी उत्सव

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** परशुराम सेना महिला समिति द्वारा 14 मार्च की शाम 6 बजे दशहरा मैदान पर राधा-कृष्ण फाग उत्सव का आयोजन किया जाएगा। भजन गायक प्रस्तुतियां देंगे, जो छोटे बच्चे राधा-कृष्ण बनकर आते हैं उन्हें सम्मानित किया जाएगा। अनूप शुक्ला, प्रवीणा अग्निहोत्री, विजेंद्र दीक्षित, सुधीर उपाध्याय, प्रकाश शर्मा, संदीप शर्मा, दीपक शर्मा आयोजन से जुड़े हैं।

**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **अजय अखंड** वार्ड नं. 76 पता ई-06 आईआरआईएस अयोध्या इस्टेटस कनाडिया इन्दौर झोन क्र. 19 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1004390990 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.19 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 19**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# भारत क्रिकेट को अलग स्तर पर ले गया है : विव रिचर्ड्स



**नई दिल्ली।** विव रिचर्ड्स ने 'टीम इंडिया' के टी20 विश्व कप के फाइनल में न्यूजीलैंड पर 96 रन की जीत के बाद कहा कि जहां तक सफेद गेंद के प्रारूप की बात है तो भारत अपने क्रिकेट को एक अलग स्तर पर ले गया है।

वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर विव रिचर्ड्स ने 'टीम इंडिया' के टी20 विश्व कप के फाइनल में न्यूजीलैंड पर 96 रन की जीत के बाद कहा कि जहां तक सफेद गेंद के प्रारूप की बात है तो भारत अपने क्रिकेट को एक अलग स्तर पर ले गया है। वह इस हफ्ते लंदन में थे जहां वे नवंबर में अपने देश एंटीगा और बारबुडा में होने वाली 'कॉमनवेल्थ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट मीटिंग' के आधिकारिक दूत के तौर पर नयी भूमिका निभा रहे थे।

रिचर्ड्स ने भारतीय टीम की तारीफ करते हुए कहा, मेरी राय में भारत खेल को एक अलग स्तर पर ले गया है, खासकर सीमित ओवर (वनडे और टी20) में। उन्होंने कहा, यह प्रशंसकों के लिए एक शानदार तोहफा है जो खेल के प्रति जुनूनी हैं और इसे प्यार करते हैं। मुझे लगता है कि उस प्यार और जुनून तथा जिस देश में यह खेला जाता है, उसकी वजह से ऐसा हुआ है।

यह पूछे जाने पर कि क्या नयी भूमिका के तौर पर उनके नए काम में क्रिकेट भी अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि राष्ट्रमंडल देशों में क्रिकेट बहुत ज्यादा खेला जाता है। इन चीजों के लिए हम इस इलाके में मशहूर हैं। रिचर्ड्स ने सीमित ओवरों के क्रिकेट के शुरुआती वर्षों में कैरेबियाई दबदबे के दिनों को याद किया जब यह 60 ओवरों का खेल होता था। उन्होंने बताया, हमने पहला विश्व कप 1975 में जीता था और अगला 1979 में। आज हम वेस्टइंडीज जहां भी हैं, इसमें क्रिकेट की बहुत बड़ी भूमिका है। और तो और जो लोग पहले वेस्टइंडीज टीम के प्रशंसक रहे होंगे, उन्हें हमारे शानदार पल जरूर याद होंगे। ये कुछ ऐसी चीजें हैं जिनका वे इंतजार कर सकते हैं।



# कोचों की शरण में पहुंचे बाबर आजम

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने 26 मार्च से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से पहले अपनी बल्लेबाजी की तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने 26 मार्च से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से पहले अपनी बल्लेबाजी की तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है।

टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला की टीम से बाहर किए गए बाबर का नाम पेशावर में चल रही राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप के लिए लाहौर व्हाइट्स टीम में शामिल किया गया था।

अब यह बात सामने आई है कि वह घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय अपनी बल्लेबाजी पर कुछ कोच के साथ काम कर रहे हैं। ये कोच कौन हैं इस बारे में कोई जानकारी नहीं है लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक करीबी सूत्र ने कहा कि बाबर और टीम प्रबंधन ने फैसला किया है कि उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने के बजाय अपनी बल्लेबाजी की तकनीकी खामियों पर काम करना चाहिए।

बाबर आजम इन दिनों खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए घोषित पाकिस्तान की स्क्वाड में उनको जगह नहीं मिली थी। कभी 'पाकिस्तान के विराट कोहली' कहे जाने वाले बाबर का क्रिकेट में भविष्य भी अब सवालों के घेरे में आ चुका है।

# भारतीय कोच ने सेट किया मुश्किल टारगेट

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बाद भारत की अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने पर नजर है। भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी के पिछले चक्र के फाइनल में नहीं पहुंच सकी थी।

भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतकर इतिहास रचा है। भारत बतौर मेजबान और लगातार दो टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम है। भारत ने रिकॉर्ड तीसरी बार टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। टी20 वर्ल्ड कप के बाद भारत ने अपने लिए एक मुश्किल टारगेट सेट किया है। भारत की अब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 के फाइनल में पहुंचने पर नजर है। भारत ने 2019-2021 में डब्ल्यूटीसी का फाइनल खेला था लेकिन न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा। भारत 2021-2023 के चक्र में भी फाइनल में पहुंचा मगर ऑस्ट्रेलिया ने बाजी मार ली। वहीं, टीम इंडिया डब्ल्यूटीसी के पिछले चक्र के फाइनल में पहुंचने में नाकाम रही। भारत के बैटिंग कोच सितांशु कोटक को शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम से काफी उम्मीद हैं। उन्होंने कहा कि हम डब्ल्यूटीसी फाइनल का रास्ता ढूंढ लेंगे। कोटक ने कहा, निश्चित रूप से बहुत प्रेशर है। लेकिन रेड बॉल क्रिकेट में भी हमारी टीम शानदार है। मुझे लगता है कि कोलकाता में साउथ अफ्रीका के खिलाफ जो एक मैच हम हार गए थे, उसमें शुभमन की चोट भी एक वजह थी। हालांकि, यह बात सही है कि हम अच्छा नहीं खेले थे। हमें इसे मानना होगा। गिल नवंबर 2025 में कोलकाता में साउथ अफ्रीका के खिलाफ आयोजित पहले टेस्ट की पहली पारी में चोटिल हो गए थे। वह रिटायर्ड हर्ट होने के बाद दूसरी पारी में बैटिंग नहीं कर नहीं आए थे। कप्तान को दूसरे टेस्ट से बाहर होना पड़ा। साउथ अफ्रीका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत का सूपड़ा साफ कर दिया था। बैटिंग कोच ने आगे कहा, हमारे खिलाड़ी भी इंसान हैं। उनका प्रदर्शन भी खराब हो सकता है। फिर अगले मैच में हम टॉस हार गए और चीजें हमारे पक्ष में नहीं रहीं। इसलिए यह पचाना मुश्किल था कि हम इस तरह दो टेस्ट मैच हार सकते हैं। हालांकि, मुझे विश्वास है कि हम लड़ते रहेंगे और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने का रास्ता ढूंढ लेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि हम अपने प्लान पर अमल कर सकते हैं।

# पहला वनडे बुरी तरह हारा पाकिस्तान बांग्लादेश ने 8 विकेट से रौंदा

**ढाका।** बांग्लादेश ने पहले वनडे मैच में पाकिस्तान को 8 विकेट से हरा दिया है। ढाका के शेर ए बांग्ला स्टेडियम में खेले गए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने आई पाकिस्तान टीम पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल पाई और सिर्फ 114 रनों पर ऑलआउट हो गई थी। जवाब में बांग्लादेश टीम ने 16वें ओवर में ही टारगेट को हासिल कर लिया।

जब पाकिस्तान टीम पहले बैटिंग करने आई तो बांग्लादेश के साढ़े 6 फुट के गेंदबाज नाहिद राणा ने पाकिस्तान के बैटिंग लाइन-अप की धज्जियां उधेड़ कर रख दीं। उन्होंने कुल 5 विकेट लिए। मोहम्मद रिजवान से लेकर सलमान आगा भी फ्लॉप रहे।

## बांग्लादेश ने कर दिया कमाल

बांग्लादेश ने तेजतर्रार शुरुआत की, लेकिन उसका भी पहला विकेट जल्दी गिर गया था। सैफ हसन मात्र 4 रन बनाकर आउट हो गए। मगर तंजीद हसन गेंदबाजों की धुनाई करने के मूड में थे, जिन्होंने 32 गेंद में पचासा पूरा कर लिया था। उन्होंने मैच में 67 रनों की पारी खेली। दूसरी ओर नजमुल हुसैन शांटो ने भी 27 रनों का योगदान दिया।




खासतौर पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने अपनी धारदार गेंदबाजी से खूब कहर बरपाया। उन्होंने पाक टीम के टॉप और मिडिल ऑर्डर को झकझोर कर रख दिया और मैच में कुल 5 विकेट लिए। ये पहली बार है जब नाहिद राणा ने अपने वनडे करियर की किसी पारी में 5 विकेट लिए हैं।

यह दोनों टीमों की टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बाद पहली सीरीज है। घ्ण्ण ने वेन्यू बदलने वाले विवाद में बांग्लादेश को वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया था। दूसरी ओर पाकिस्तान सुपर-8 में तो पहुंचा, लेकिन सेमीफाइनल में नहीं जा पाया था। बांग्लादेश ने तीन वनडे मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा वनडे मैच 13 मार्च को खेला जाएगा।

# अर्शदीप को माफी मांगने की जरूरत नहीं थी –गंभीर

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 फाइनल के दौरान अर्शदीप सिंह और डेरिल मिशेल के बीच झड़प हुई। जिस वजह से भारतीय गेंदबाज पर जुर्माना भी लगा। हालांकि मैच के बाद अर्शदीप ने माफी मांग ली थी, मगर हेड कोच का मानना अलग है।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 फाइनल के दौरान भारतीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह और न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिशेल के बीच झड़प भी हो गई थी, जिस वजह से थोड़ी देर के लिए माहौल गर्मा गया था। हालांकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जल्द ही मामले को शांत करा दिया था। अर्शदीप सिंह ने मैच के बाद मिशेल से मांफी मांगकर मामले को वहीं खत्म करने की कोशिश भी की। हालांकि भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर का मानना है कि उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था।

यह घटना न्यूजीलैंड की पारी के 11वें ओवर की है। डेरिल मिशेल ने अर्शदीप सिंह की दूसरी और तीसरी गेंद पर बैक टू बैक दो छक्के लगाए थे। इसके बाद पांचवीं गेंद अर्शदीप ने वाइड यॉर्कर डाली। मिशेल गेंद सीधा अर्शदीप के पास मार बैठे। मिशेल क्रीज के थोड़ा बाहर खड़े थे, जिस वजह से अर्शदीप सिंह ने उन्हें रन आउट करना चाहा। हालांकि गेंद स्टंप




की जगह डेरिल मिशेल के जाकर लगी। मिशेल तुरंत गुस्सा हो गए और मामला गर्मा गया। हालांकि अर्शदीप सिंह ने उस दौरान कुछ नहीं बोला। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बीच में आकर मामला संभाला। अर्शदीप सिंह ने मैच के बाद डेरिल मिशेल से माफी मांगी और उन्हें समझाया कि उन्होंने जानबूझकर उन्हें नहीं मारा।

इस मामले पर टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर का मानना है कि अर्शदीप सिंह को डेरिल मिशेल से माफी नहीं मांगनी चाहिए थी। गंभीर ने यह भी कहा कि पहले भी ऐसी घटनाएं हुई हैं, लेकिन सोशल मीडिया के जमाने में अब ऐसी घटनाओं पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। गंभीर ने कहा, यह ठीक है। आप अपने देश को रिप्रेजेंट कर रहे हैं। आपमें अग्रेसन दिखाना तो बनता ही है। अगर आप थ्रो बैक करते हैं, तो इसमें गलत क्या है? कोई भी बॉलर दो छक्के खाना पसंद नहीं करता। और मैं अपने प्लेयर्स से इसी तरह का रिस्पॉन्स देखना चाहता हूं। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। अगर उसने सॉरी नहीं भी कहा होता, तो भी मुझे कोई दिक्कत नहीं थी। उसे सॉरी कहने की जरूरत नहीं है। गंभीर ने आगे कहा, हां, यह अच्छा है कि उसने माफी मांगी, लेकिन क्रिकेट के मैदान पर कोई दोस्त या दुश्मन नहीं होता। आपका काम अपने देश को रिप्रेजेंट करना है, अपने देश के लिए जीतना है। ये चीजें पहले भी होती थीं। लेकिन सोशल मीडिया के जमाने में चीजें बढ़ जाती हैं, जिसकी मुझे लगता है कि कोई जरूरत नहीं है।

## बायपास पर भीषण सड़क हादसा

# खड़े ट्रक में जा घुसी आयशर ड्राइवर-क्लीनर की मौत

### *तीन जेसीबी और क्रेन की मदद से निकाले गए शव*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



कनाड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत बिचोली हप्सी ब्रिज पर बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। केले से भरा एक आयशर वाहन हाईवे पर पहले से खड़े एक ट्रक में पीछे से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि आयशर वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसमें सवार चालक व क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई।

बताते है कि आयशर वाहन राऊ से




देवास की ओर जा रहा था। इसी दौरान बिचोली हप्सी ब्रिज के पास सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था, जिस पर जेसीबी मशीन लदी हुई थी। रफ्तार तेज होने और अंधेरा होने के कारण आयशर सीधे ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसा। टक्कर की तीव्रता के कारण आयशर का केबिन बुरी तरह पिचक गया, जिसमें चालक और क्लीनर बुरी तरह फंस गए। हादसे की सूचना मिलते ही कनाड़िया थाना पुलिस मौके पर पहुँची। केबिन में फंसे शवों को निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में तीन जेसीबी और क्रेन की मदद ली गई, जिसके बाद केबिन को काटकर शवों को बाहर निकाला जा सका। मृतकों की पहचान चालक राजेंद्र पिता फूलचंद गोयल निवासी बड़वानी और क्लीनर राजू उर्फ राजेश पिता कालूराम निवासी बोधवाड़ा, धार के रूप में हुई है।

### गलत तरीके से खड़े वाहन बने हादसे का कारण

शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि बायपास पर ट्रक और जेसीबी गलत तरीके से खड़े थे। रात के अंधेरे में आयशर चालक को सड़क पर खड़े ये वाहन दिखाई नहीं दिए, जिससे यह हादसा हुआ।

# 40 लाख की 'डिजिटल अरेस्ट' ठगी करने वाली गुजरात की अंतर्राज्यीय गैंग का एक और आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर बुजुर्गों को डराकर लाखों रुपये ऐंठने वाली शातिर गैंग के खिलाफ इंदौर क्राइम ब्रांच को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहे गुजरात के तीसरे आरोपी पीयूष परमार को गिरफ्तार कर लिया है। यह गैंग खुद को पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर लोगों को जेल भेजने की धमकी देती थी और करोड़ों के फर्जी ट्रांजैक्शन का डर दिखाकर उनसे मोटी रकम वसूलती थी।

### रिटायर्ड बुजुर्ग से ठगे थे 40 लाख 70 हजार रुपये

ठगी का शिकार हुए इंदौर निवासी एक 71 वर्षीय बुजुर्ग ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 3 अक्टूबर को उनके पास एक व्हाट्सएप कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को बांद्रा पुलिस स्टेशन का अधिकारी बताया। जालसाजों ने बुजुर्ग से कहा कि उनके नाम से मुंबई के केनरा बैंक में एक फर्जी खाता खुला है, जिससे 2 करोड़



60 लाख रुपये का अवैध ट्रांजैक्शन हुआ है और उन्हें इसमें 15 प्रतिशत कमीशन मिला है। आरोपियों ने उन्हें डराने के लिए सुप्रीम कोर्ट के फर्जी गिरफ्तारी वारंट और कागजात भी भेजे।

जब बुजुर्ग डर गए, तो आरोपियों ने उन्हें केस से बचाने का झांसा दिया और उनकी बात 'आकाश कुलकर्णी' नाम के फर्जी सीबीआई ऑफिसर से कराई। फर्जी अफसर ने बुजुर्ग को विश्वास में लिया कि वे उनकी बेगुनाही साबित करने के लिए खातों की जांच करेंगे। जांच के नाम पर बुजुर्ग से उनकी एफडी तुड़वाई गई और अलग-अलग बार में कुल 40 लाख 70 हजार रुपये आरबीआइ के 'सुरक्षित खातों' के नाम पर ट्रांसफर करवा लिए गए। पैसे वापस न मिलने पर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ।

### गुजरात से जुड़ रहे गैंग के तार

क्राइम ब्रांच ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस मामले में पहले ही गुजरात के सूरत से हिम्मत भाई देवानी और कच्छ से अतुल गिरी गोस्वामी को गिरफ्तार किया था। इन्हीं की निशानदेही और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर अब सूरत निवासी पीयूष परमार को भी दबोच लिया गया है। पकड़े गए आरोपियों ने स्वीकार किया है कि वे ठगी की रकम को खपाने के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने का काम करते थे।

### 23 बैंक खाते फ्रीज, अन्य सदस्यों की तलाश जारी

पुलिस ने इस ठगी से जुड़े अब तक 23 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। पकड़े गए आरोपी देश के विभिन्न राज्यों में बैठकर रोजाना सैकड़ों लोगों को कॉल कर ठगी का प्रयास करते थे। फिलहाल पुलिस आरोपी पीयूष परमार को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है ताकि गैंग के अन्य मास्टरमाइंड और फरार सदस्यों का पता लगाया जा सके।

# तीन ड्रग तस्कर गिरफ्तार, 2 लाख की ब्राउन शुगर जब्त

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए इंदौर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत एमजी रोड और ग्वालटोली थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में तीन शातिर ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से कुल 2 लाख रुपये कीमत की अवैध ब्राउन शुगर बरामद की गई है। पुलिस अब इन तस्करों के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज खंगाल रही है।

एमजी रोड पुलिस द्वारा पत्थर गोदाम रोड पर की गई। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को दबोचा। तलाशी लेने पर उसके पास से 12.57 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस मादक पदार्थ की कीमत करीब 50 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगा रही है कि वह यह खेप कहाँ से लाया था। दूसरी बड़ी सफलता ग्वालटोली थाना पुलिस को मिली। पुलिस ने मिशन अस्पताल मैदान के पास दबिश देकर दो तस्करों को रंगे हाथों पकड़ा। आरोपियों की पहचान इमरान पिता मो. रफीक मुल्तानी निवासी कोयलाबाखल, पंढरीनाथ और फिरोज पिता मोहम्मद शाह निवासी कबूतरखाना के रूप में हुई है। इनके कब्जे से पुलिस ने करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य की ब्राउन शुगर जब्त की है।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

दोनों ही मामलों में संबंधित थानों द्वारा आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पकड़े गए आरोपी शहर के छोटे पेडलर्स को नशा सप्लाई करने का काम करते थे। पूछताछ में शहर के कुछ अन्य इलाकों में सक्रिय ड्रग माफियाओं के नामों का खुलासा होने की संभावना है।

# इंस्टाग्राम पर फोटो डालकर नाबालिग को बदनाम करने की धमकी देने वाले युवक पर केस दर्ज

### *घर मे घुसकर की थी अश्लील हरकत, फिर धमकाने लगा*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

हीरानगर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी को डरा-धमकाकर अश्लील हरकत करने और सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर बदनाम करने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने 17 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, भांगिया निवासी आरोपी गोविंद पिता सिप्पी पिछले काफी समय से नाबालिग को प्रताड़ित कर रहा था। पीड़िता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि बीती 11 नवंबर को आरोपी चुपके से उसके घर में घुस आया और अश्लील हरकत करते हुए बोला कि वह उसे पसंद करता है। इस दौरान आरोपी ने जबरन पीड़िता के साथ कुछ फोटो खींच लिए। इसके बाद आरोपी ने बदनामी की नीयत से उन फोटो पर आपत्तिजनक और अश्लील बातें लिखकर इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कर दिया। उस समय परिजनों के समझाने पर आरोपी ने कुछ दिन बात करना बंद कर दिया था। आरोपी की हरकतें यहीं नहीं रुकी, वह गत 15 फरवरी को सुबह करीब 11:30 बजे फिर से पीड़िता के घर पहुँचा और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब किशोरी ने विरोध किया, तो आरोपी गोविंद उसे धमकी देने लगा कि जैसा मैं बोलता हूँ वैसा कर, नहीं तो फोटो मेरे पास हैं, मैं तुझे पूरी तरह बदनाम कर दूँगा।

## गर्मी के कारण खुला रखा था कमरे का दरवाजा, घर मे घुसे चोर लैपटॉप और कीमती सामान ले उड़े

**इन्दौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र के वीणा नगर इलाके में चोरी की एक वारदात सामने आई है, जहाँ अज्ञात चोरों ने रात के समय खुले कमरे का फायदा उठाकर दो लैपटॉप सहित अन्य सामान पार कर दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक वीणा नगर निवासी हर्ष राजसिंह ने थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 मार्च की रात वह अपने दोस्त रोहित रघुवंशी के साथ अपने-अपने कमरों में सोए थे। अधिक गर्मी होने के कारण दोनों ने अपने कमरों के दरवाजे खुले छोड़ दिए थे। अगली सुबह करीब 10 बजे जब हर्ष की नींद खुली, तो उसे कमरे में रखा बैग गायब मिला। हर्ष के बैग में डेल कंपनी का लैपटॉप, कंपनी का आईडी कार्ड और चार हेडफोन रखे थे। वहीं जब बगल के कमरे में जाकर देखा गया, तो रोहित रघुवंशी के कमरे से भी एचपी प्रोबुक कंपनी का लैपटॉप चोरी हो चुका था।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।